09 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 169


क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात, भारत-यूएइ के संबंधों में और मजबूती पर दिया जोर



# राज्य में 1373 माध्यमिक आचार्यों की होगी नियुक्ति

- माध्यमिक और प्लस टू स्कूलों में 8,900 पदों पर होगी बहाली
- कैबिनेट की बैठक में पद सृजन को मिली मंजूरी
- ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक में राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पाटने के लिए पद सृजन को मंजूरी दी गयी। राज्य में 1373 माध्यमिक आचार्य के पद के अलावा माध्यमिक और प्लस टू स्कूलों में 8900 पदों पर नियुक्ति की मंजूरी दी गयी। वहीं, ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को भी स्वीकृति मिली। इसके तहत युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान दस हजार रुपये मिलेंगे।

**शिक्षकों की कमी होगी दूर :** कैबिनेट की बैठक के बाद सचिव वंदना दादेल ने बताया कि झारखंड राज्य अंतर्गत सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संवर्ग तथा सरकारी +2 विद्यालय शिक्षक संवर्ग के क्रमशः रिक्त 9,470 एवं 797 पद में से क्रमशः 8,650 एवं 250 पद, कुल 8,900 पदों का प्रत्यर्पण एवं 510 सरकारी +2 विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य संवर्ग के आवश्यकता आधारित 1373 माध्यमिक आचार्य पदों के पदसृजन की स्वीकृति दी गयी।



### 17,380 प्रशिक्षुओं का चयन किया जायेगा

कैबिनेट की बैठक में झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम को मंजूरी दी गयी। इस योजना के तहत राज्यभर से 17,380 प्रशिक्षुओं का चयन किया जायेगा। उन्हें प्रशिक्षण के दौरान 10 हजार रुपये स्टाइपेंड के रूप में दिया जायेगा। सरकार की इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल से लैस करना है। यह इंटर्नशिप स्कीम नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गयी है, जिससे युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय अंतर्गत कार्यालयों के लिपिक/लिपिक-सह-टंकक/टंकक संवर्ग में नियुक्ति के लिए झारखंड राज्य जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय लिपिकीय पदों पर भर्ती नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग (प्राथमिक शाखा) के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग -2 (निरीक्षी शाखा) के पद पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति की स्वीकृति।
- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अंशकालीन शिक्षकों से कार्य लिये जाने की अवधि विस्तार की मंजूरी।
- पंचम राज्य वित्त आयोग के प्रथम प्रतिवेदन पर कृत अंतरिम कार्रवाई पर मंत्रिपरिषद की कार्योपरांत स्वीकृति।

### उद्यमियों के लिए डीजल पर छूट

राज्य में उद्योगों और खनन के लिए थोक में खरीदे जानेवाले हाई स्पीड डीजल पर टैक्स घटा कर 15% कर दिया गया। वहीं, एविएशन टर्बाइन फ्यूल की दर में संशोधन किया गया है। इसे चार फीसदी से बढ़ा कर 12 फीसदी किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।

### स्पेन-स्वीडन यात्रा और उसके खर्च की स्वीकृति

झारखंड में औद्योगिक निवेश को आकर्षित/प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के स्पेन एवं स्वीडन यात्रा तथा इससे संबंधित व्यय की स्वीकृति दी गयी। राज्य कर्मियों के स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों के क्लेम की राशि के दिशानिर्देश की स्वीकृति, इसमें प्रोत्साहन राशि से जुड़े नियमावली को स्वीकृति दी गयी।

# झारखंड में शिक्षकों की कमी पर हाइकोर्ट सख्त

## अदालत ने पूछा, कब शुरू होगी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शिक्षकों की कमी को लेकर उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किये हैं। हाइकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वे 26,000 स्कूली शिक्षकों के शुरुआती बैच की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में अदालत को जानकारी दें कि यह कब शुरू और समाप्त होगी।

**शिक्षकों की कमी है गंभीर मामला :** यह सुनवाई पिछले साल दायर की गयी एक जनहित याचिका (पीआइएल) के स्पष्टीकरण में हो रही है, जिसमें झारखंड में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा उठाया गया था। शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में सबसे अधिक शिक्षकों की कमी पायी जाती है। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 30% से अधिक में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत हैं।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम का पालन

निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो शिक्षक और 30 बच्चों पर कम से कम एक शिक्षक होना अनिवार्य है। झारखंड में अधिकांश प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय इन मानदंडों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। यह समस्या हर साल बढ़ती जा रही है, क्योंकि 2016 के बाद से कोई भी नये स्कूल शिक्षक नियुक्त नहीं किये गये हैं।

### सरकार का हलफनामा और आश्वासन

याचिका के जवाब में झारखंड सरकार ने दो अप्रैल 2025 को हाइकोर्ट में हलफनामा पेश किया। हलफनामे में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को खंडन नहीं किया गया। केवल 26,000 शिक्षकों की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध नियुक्ति का आश्वासन दिया गया है, बिना किसी समय सीमा स्पष्ट किये।

# वक्फ कानून लागू, पश्चिम बंगाल में हिंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/मुर्शिदाबाद।** वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृहमंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। उधर, वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

वहीं, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गयी। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से 25 लाख की ठगी

## अपनी जमीन और घर को गिरवी रख कर पीड़िता ने पैसा दिया था

रोहित राम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के मैनेजर तालाब के पास रहने वाली रेणुका देवी पति राजीव कुमार पातर से सोनाहातु थाना के नीमडीह गांव की सुलेखा देवी ने 25 लाख रुपये नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठग लिये। पीड़िता ने अपनी जमीन और घर को गिरवी रखकर पैसा दिया था। पीड़िता ने बुंडू थाने में लिखित शिकायत दस दिन पहले दी है लेकिन अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। मंगलवार को जब पीड़िता थाने गयी तो थानेदार ने कहा की एफआइआर दर्ज किया जायेगा। इस मामले में पीड़िता ने बाजार से कर्ज भी ले रखा है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सुलेखा देवी पति सुरेश चंद्र महतो ने अपने मोबाइल नंबर 6201198133 पर पहले पीड़ित रेणुका देवी से तीस हजार रुपये लिये उसके बाद नामकुम थाना प्रभारी के नाम पर तीन लाख रुपये लिये। जब पीड़ित रेणुका देवी ने कहा कि मैं मैट्रिक तक पढ़ी हूं, मेरा इंटर बीए, बीएड का सर्टिफिकेट नहीं है। इस पर आरोपी ने जाली सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर 12 लाख रुपये ले लिया। उसके बाद आरोपी ने मेरा आधार कार्ड, मार्कशीट, पहचान पत्र और सफेद कागज में साइन कर पति-पत्नी के अंगूठे का निशान एवं साइन ले लिया। उसके बाद वह मुझे ज्वाइनिंग लेटर के नाम पर रोज नया तारीख देती रही और मुझे लिंक के नाम पर कई जगह जैसे सोनाहातू हाइस्कूल ग्वाली स्कूल ले जाती थी फिर हंसराज प्राइमरी स्कूल की प्रधानाध्यापक को देने के नाम पर पच्चीस हजार रुपये की मांग की। फिर दिसंबर 2024 को आरोपी सुलेखा देवी ने कहा कि प्राइमरी स्कूल का 2025 में नियुक्ति नहीं है। जब आप इतना पैसा दे चुकी हैं तो ढाई लाख रुपये और दे दो तो हंसराज प्रोजेक्ट हाइस्कूल में नौकरी हो जायेगी। मेरा पति सुरेश चंद्र महतो, सुमित सर, रवि महतो, दिलीप कुम्हार और मेरे पापा भुवनेश्वर महतो तेरा काम कर रहे हैं। मेरा पापा भुवनेश्वर महतो 20 साल से नौकरी दिलाने का काम करते हैं। पीड़ित रेणुका देवी को 23 फरवरी 2025 को ट्रेनिंग के नाम पर रांची के लोवाडीह ले गयी जहां मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। साथ ही मुझे ब्लैकमेलिंग करने लगी की तुम्हारे पर्सनल फोटो को मैं वायरल कर दूंगी और जान से मार दूंगी।



आरोपी सुलेखा



पीड़ित रेणुका

## अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन शुरू

# हम दलित, मुस्लिम-ब्राह्मण में उलझे रहे ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया: राहुल गांधी


भाजपा-संघ के लोग गांधीजी का चश्मा-छड़ी चुरा सकते हैं, उनके आदर्श नहीं : खड़गे

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। राहुल ने कहा कि हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है। मुद्दे उठाते रहना है। राहुल गांधी मंगलवार को अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ। खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# मंजिल पर पहुंच सकेगी राहुल की बिहार एक्सप्रेस!

## ■ तीन महीने में चुनावी राज्य की तीसरी यात्रा से लालू-तेजस्वी भी भौंचक

## ■ कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति को सुधारने में ही निकल जायेगा समय

## ■ प्रदेश अध्यक्ष को बदल देने भर से पार्टी की स्थिति में सुधार संभव नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक और बिहार दौरा खत्म हो गया है। पिछले तीन महीने में उनका यह तीसरा बिहार दौरा था। इस बार वह बेगूसराय भी गये, जहां उन्होंने करीब एक किलोमीटर की पदयात्रा में बिहार की सियासी जमीन को नापने की कोशिश की। तीसरी बार बिहार आये राहुल गांधी इस बार फिर बहस का एक मुद्दा दे गये। उन्होंने राजद के साथ मिल कर चुनाव लड़ने की बात तो की, लेकिन दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के साथ ओबीसी-इबीसी की बात कर राजद को बता गये कि कांग्रेस को पिछलग्गू समझने की भूल न करें। राहुल ने कहा कि दलित, ओबीसी और इबीसी के लोग अब तक हाशिये पर रहे हैं। प्रदेश को सवर्ण ही लीड करते रहे हैं। वह कांग्रेस का चेहरा अब हाशिये के लोगों को ऊपर लाकर बदलेंगे। राजेश कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बना कर इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब राहुल ने लालू-तेजस्वी के सियासी आधार में सेंधमारी की कोशिश की है। राहुल गांधी ने कांग्रेस के लिए जो सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश शुरू की है, उसके परिणाम चाहे कुछ भी हों, लालू-तेजस्वी के लिए यह टेंशन पैदा करनेवाला तो है ही। दूसरी तरफ राहुल गांधी के सामने दूसरी चुनौती पहले बेगूसराय और फिर पटना में कांग्रेसियों के बीच जिस तरह की धींगामुश्ती हुई, उसे दूर कर पार्टी को एकजुट करने की है। बिहार कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति ठीक नहीं है और खुद राहुल गांधी को भी यह बात पता ही होगी। आखिर राहुल गांधी की ताबड़तोड़ बिहार यात्रा के क्या हैं सियासी मायने और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार में थे। उनके तीन कार्यक्रम निर्धारित थे। उन्हें एनएसयूआइ के बैनर तले कन्हैया कुमार की नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा में शामिल होना था। इसलिए पटना एयरपोर्ट से सीधे वह बेगूसराय के लिए निकल गये। कन्हैया की यात्रा बेगूसराय पहुंची थी। पटना लौट कर राहुल गांधी संविधान बचाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर पार्टी के प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में उन्होंने कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तीन महीने में तीसरी बार पटना पहुंचे राहुल ने कुछ ऐसी बातें कह दी, जो कांग्रेस की कभी लाइन नहीं रही।

### राहुल ने कांग्रेस की गलतियां स्वीकारीं

राहुल का कहना था कि कांग्रेस अभी तक बिहार में गलतियां करती रही है। अब नहीं करेगी। उन्होंने इस परिमार्जन को उदाहरण के साथ समझाया। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस के दो तिहाई अध्यक्ष सवर्ण होते थे। दलित और पिछड़ी जातियों के एक तिहाई लोगों को ही यह मौका मिलता था। अब स्थिति पलट गयी है। दलित और ओबीसी-इबीसी के दो तिहाई लोग अब जिला से प्रदेश स्तर तक अध्यक्ष हैं। उनकी बातों से इतना तो स्पष्ट हो ही गया है कि अब कांग्रेस की राजनीतिक लाइन क्या होगी। हालांकि कांग्रेस ने कभी इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय नहीं दिया है। लेकिन लगता है कि राहुल गांधी ने वक्त से सीख ली है।

### दलित अध्यक्ष कांग्रेस का भूल सुधार

राहुल को अब जाकर यह महसूस हुआ है कि बिहार में कांग्रेस से चूक हुई है। दलित जाति से आने वाले राजेश कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बना कर कांग्रेस ने गलती सुधारने का अभियान छेड़ दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कमेटियों में दलित, ओबीसी और इबीसी से आने वाले लोगों को पहली बार इस तरह का मौका दिया है। हालांकि ऐसा कहते समय राहुल यह भूल गये कि बिहार की राजनीति में 1990 के कुछ पहले से ही इस तरह की राजनीति होती रही है। कर्पूरी ठाकुर बिहार के सीएम रहे, जो पिछड़ी जाति से थे। रामसुंदर दास तो दलित समाज से ही सीएम बने थे। लालू यादव, राबड़ी देवी और नीतीश कुमार भी ओबीसी से ही आते हैं, जिनके हाथ में बीते 35 साल से बिहार की सत्ता है। जीतन राम मांझी तो महादलित हैं, जबकि अब्दुल गफूर अल्पसंख्यक समुदाय से थे।



### कांग्रेस सवर्णों को दोयम दर्जे में रखेगी

सवर्ण जातियों को अध्यक्ष बनाने को कांग्रेस की गलती बताने वाले राहुल ऐसा कहते समय यह भी भूल गये कि उनके खासमखास कन्हैया कुमार तो सवर्णों में शुमार भूमिहार जाति से आते हैं। उनकी अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी भूमिहार बिरादरी के ही हैं। राहुल को शायद ऐसा लगता होगा कि सवर्ण तो भाजपा के साथ चले गये हैं। इसलिए अब उनसे कोई उम्मीद नहीं। पर बिहार में कांग्रेस के जिन कुछ नेताओं ने अब तक जिंदा रखा है, उनमें मदन मोहन झा और अखिलेश प्रसाद सिंह जैसे भी नेता हैं।

### हर बार तेजस्वी की टेंशन बढ़ा जाते हैं राहुल

राहुल ने पिछली दो यात्राओं में बिहार के जाति सर्वेक्षण को फर्जी बता कर तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। तेजस्वी इसे अपनी उपलब्धि बताते रहे हैं। इस बार कांग्रेस को नया रूप देने के लिए उन्होंने दलित-पिछड़ों पर दांव लगाया। यानी वे भी उसी राह चलने की बात कह गये, जिस पर जातीय आधार पर बनीं क्षेत्रीय पार्टियां पहले से चल रही हैं।

राजद पार्टी आज भी यादव जाति की राजनीति करती है। नीतीश कुमार लव-कुश समीकरण के नेता माने जाते हैं। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टियां भी जाति की ही राजनीति करती हैं। इनमें तीन तो अभी एनडीए के साथ हैं, इसलिए जातीय आधार पर वोट पाने की राहुल की कोशिश समझ में आती है। पर राजद और वीआइपी का क्या होगा? ये पार्टियां तो उन्हीं जातियों की राजनीति करने वाली पार्टियां हैं, जिनके वोट झटकने के लिए राहुल कांग्रेस को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें कैसा लगेगा राहुल गांधी का यह प्रयास, यह बड़ा सवाल है।

### राहुल गांधी की बिहार एक्सप्रेस

बिहार में अपने अस्तित्व को बचाने और बढ़ाने के लिए जूझ रही कांग्रेस के लिए बिहार विधानसभा का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले तीन दशकों से कांग्रेस लालू प्रसाद यादव के साये में रहते हुए बिहार की राजनीति करती आ रही है, लेकिन इस बार कांग्रेस पहली बार यह प्रयास कर रही है कि उसका संगठन मजबूत हो। यही कारण है कि कृष्णा अल्लावारु जैसे युवा नेता को बिहार का प्रभारी बनाया गया। राजनीति के जानकार आने वाले समय में कन्हैया कुमार की बिहार कांग्रेस में अहम भूमिका देख रहे हैं।

### राहुल गांधी बार-बार बिहार क्यों आ रहे

कन्हैया कुमार को आगे करना और राहुल गांधी का बार-बार बिहार आने का संदेश साफ है कि बिहार में कांग्रेस युवाओं को अब प्राथमिकता देगी और दूसरी तरफ कांग्रेस अपने संगठन को भी मजबूत करेगी, ताकि बिहार की राजनीति में फिर कांग्रेस अपने उस पुराने रंग में आ सके, जब प्रदेश की पूरी राजनीति कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती थी। हाल में कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों में जो बदलाव किये हैं, वह भी इसी कड़ी की कवायद है।

यहां भी युवाओं को तरजीह दी गयी है और जातिगत समीकरण भी सेट किये गये हैं। जहां सवर्णों की हिस्सेदारी पहले से आधी कर दी गयी है, वहीं दलितों और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ायी गयी है।

जाहिर है, बिहार को लेकर राहुल की यह सक्रियता कहीं न कहीं राजद को बेचैन कर रही है। शायद इसीलिए पटना आकर भी राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव से मिलने की कोशिश नहीं की। राहुल गांधी की तरफ से रिश्तों में यह ठंडापन बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में नया समीकरण बना दे, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

---

# सहारा इंडिया के अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी करायेगी झारखंड पुलिस

## झारखंड से 30 हजार से अधिक निवेशकों ने 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस सहारा इंडिया के अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी करायेगी। जानकारी के मुताबिक डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय, रांची में सोमवार को सहारा इंडिया के अधिकारियों के खिलाफ सीआइडी में दर्ज मामले की रिव्यू मीटिंग करते हुए यह निर्णय लिया है।

सहारा इंडिया में झारखंड से 30 हजार से अधिक निवेशकों ने 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। दूसरी तरफ झारखंड में निवेशकों का पैसा कहां-कहां निवेश किया गया है, इसकी जांच के लिए जांच आयोग का गठन किया जायेगा। झारखंड सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है।




### इन्हें बनाया गया है अभियुक्त

सहारा इंडिया के खिलाफ विश्व भारती जनसेवा संस्थान द्वारा केस दर्ज कराया गया है। इसमें सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, निदेशक सह डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश उर्फ ओपी श्रीवास्तव, झारखंड से सोसाइटी निदेशक नीरज कुमार पाल, निदेशक सह रांची के जोनल हेड संजीव कुमार सहित अन्य को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है। इसमें नीरज कुमार पाल और संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका झारखंड की निचली अदालत ने रद्द कर दी है।

---

# वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ जामताड़ा में मुस्लिम समाज का विरोध, सड़क पर उतरे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा पास किये गये वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ जामताड़ा में मुस्लिम समाज ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। मुस्लिम मंच के आह्वान पर आयोजित इस विशाल जन आक्रोश रैली में हजारों लोग शामिल हुए और उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ तीखा विरोध जताया। गांधी मैदान से हाफिज नाजीर हुसैन के नेतृत्व में शुरू हुई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई अनुमंडल कार्यालय पहुंची, जहां यह एक जनसभा में तब्दील हो गयी। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टियां बांधकर और हाथों में तख्तियां लेकर वक्फ बोर्ड बिल को रद्द करने की मांग की। सभा के दौरान मंच पर उपस्थित नेताओं ने केंद्र सरकार पर समुदाय के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। नेताओं का कहना था कि यह बिल न केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को प्रभावित करेगा, बल्कि यह मुस्लिम समाज को हाशिए पर धकेलने का एक गहरा षड्यंत्र है। सभा को हाफिज नाजीर हुसैन, इरशाद उल हक अर्शी, अलीमुद्दीन अंसारी, डॉ अब्दुल मन्नान अंसारी, सगीर खान, सादिक अंसारी, जसीम अंसारी, रिजवान शेख, मुख्तार अंसारी, तनवीर आलम, आफताब दिलकश, अलाउद्दीन अंसारी, मुन्ना खान सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा।




---

# गौ तस्करी, लव जिहाद और घुसपैठ चिंतनीय : मिलिंद परांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने झारखंड में घुसपैठ और धर्मांतरण को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि प्रदेश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में धर्मांतरण बहुत तेजी से किया जा रहा है। मिलिंद परांडे ने मंगलवार को रांची के एक होटल में प्रेसवार्ता में घुसपैठ और धर्मांतरण की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की घटनाएं हुई हैं। इसी प्रकार सिमडेगा जैसे कई जिलों में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का कार्य किया गया है। गौ तस्करी, लव जिहाद, घुसपैठ चिंता के विषय हैं। इन विषयों पर जागरण और हल ढूंढने का कार्य विहिप कर रही है।




परांडे ने कहा कि झारखंड के हिंदुओं और जनजातीय समुदाय के लोगों की जमीनों को लूटने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विहिप के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों और अभियानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विहिप ने हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिलाने का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रखा है। इस क्रम में विजयवाड़ा में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया था। इस वर्ष देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

---

# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने पर बनेगी रणनीति

## केंद्रीय गृह सचिव का 25 अप्रैल को झारखंड दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने पर रणनीति बनेगी। इसे लेकर केंद्रीय गृह सचिव आगामी 25 अप्रैल को झारखंड दौरे पर आयेंगे। इसको लेकर केंद्रीय गृह सचिव रांची में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, इसके अवैध कारोबार को रोकने के लिए किये गये विशेष कार्य या पहल व जागरूकता अभियान सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय गृह सचिव के दौरे को लेकर गृह विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।



### कार्रवाई के संबंध में गृह विभाग ने रिपोर्ट मांगी है

जिला स्तर पर नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को लेकर की गयी कार्रवाई पर चर्चा की जायेगी। इसके लिए जिला स्तर पर बीते एक जनवरी 2024 से लेकर अभी तक की गयी कार्रवाई के संबंध में गृह विभाग ने रिपोर्ट मांगी है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2024-25 में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की। वहीं 2025 में फरवरी माह तक करीब 20 हजार एकड़ में अफीम की फसल नष्ट की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.5 °c | 21.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.34 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


### झामुमो का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन रांची में 14-15 अप्रैल को

# महाधिवेशन में लगभग 4000 प्रतिनिधि भाग लेंगे: फागू बेसरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन रांची में 14-15 अप्रैल को आयोजित होगा। इस संबंध में पार्टी के महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि रांची के खेलगांव स्थित इनडोर स्टेडियम में झामुमो का दो दिवसीय महाधिवेशन संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस 14 अप्रैल के अवसर पर शुरू होगा और समापन 15 अप्रैल को किया जायेगा। बेसरा ने कहा कि बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति बनेगी। महाधिवेशन में झारखंड समेत बिहार, बंगाल, ओड़िशा, असम और तमिलनाडु से प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इन प्रांतों में झामुमो की सांगठनिक इकाइयां हैं। महाधिवेशन आरंभ होने के बाद केंद्रीय समिति भंग कर दी जायेगी। 16 जनवरी से पूरे राज्य में पंचायत से लेकर जिला स्तर की कमेटियां भंग की जा चुकी हैं। महाधिवेशन से पूर्व इसके गठन की प्रक्रिया आरंभ की जायेगी। राज्य की सत्ता में शानदार तरीके से वापसी से स्पष्ट है कि पार्टी का संगठनात्मक दायरा बढ़ा है। महाधिवेशन में केंद्रीय समिति भंग की जायेगी और संचालन मंडली व अध्यक्ष मंडली गठित होगी। इस दो दिवसीय महाधिवेशन में लगभग 4000 प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे आलावा संविधान संशोधन समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, सुदिव्य कुमार, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद और विजय कुमार हांसदा है। इन सदस्यों ने संविधान संशोधन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और महाधिवेशन में पेश किये जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन बातों पर चर्चा हुई, वह संगठन का आंतरिक मामला है। कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई है। जब अधिवेशन से राजनीतिक प्रस्ताव को मंजूरी मिल जायेगी, उसके बाद इसे सार्वजनिक किया जायेगा।

### एएनआरएफ-आइएनएइ कॉन्क्लेव 2025


# रक्षा राज्य मंत्री ने छात्रों को पुरस्कृत किया

**एनआइएएमटी और इंडोकैन के बीच हुआ एमओयू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइएएमटी) ने एएनआरएफ (एसइआरबी)-आइएनएइ कॉन्क्लेव 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था आत्मनिर्भर प्रौद्योगिकी-इंजीनियरिंग सुरक्षित भविष्य।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार शामिल हुए। इसके अलावा, एमडीएस इंडोकैन इंक कनाडा की निदेशक मोहुआ दत्ता, एनआइएएमटी के चांसलर अरुण कुमार झा, एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार और आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अभिनव उत्पाद-प्रोटोटाइप, ग्रैंड आइडिया चैलेंज और स्टार्ट-अप के विचार जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्र राष्ट्र की दिशा में कनाडा और भारत सरकार के सहयोग पर मोहुआ दत्ता द्वारा विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, भविष्य की अभिनव परियोजनाओं के लिए एनआइएएमटी और इंडोकैन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। संजय सेठ ने एनआइएएमटी में केंद्रीय कार्यशाला सुविधा का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर, उन्होंने छात्रों को देशभक्ति की भावना रखने और देश को एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ वैशाली एस पोद्दार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से, एनआइएएमटी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया।




### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** — परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।

**मिथुन** — रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा,परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सपलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** — नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है,राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** — आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** — चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन पर सीएम हेमंत सोरेन ने जतायी खुशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में संपन्न हुए विभिन्न त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे लोग अपनी आस्था और परंपराओं को बनाये रखने के लिए एकजुट होते हैं। उनकी सरकार भी इन आयोजनों को सफल बनाने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। वे कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हों। इसके लिए प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता होती है। गोड्डा में अडानी पावर को लेकर उठे मामले पर कहा कि यह मामला जिला प्रशासन द्वारा देखा जा रहा है। सरकार इस मामले पर नजर रखे हुए है।

# पेयजल विभाग में हुई अनियमितता की हो उच्चस्तरीय जांच: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में वर्ष 2019 से 2024 के बीच 160 करोड़ की लागत से किये गये कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि ऑडिट रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में भी चारा घोटाले की तरह विभिन्न कोषागार से अवैध निकासी को अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराये, ताकि दोषियों को सजा दिलायी जा सके। जनता के पैसों से की गयी यह लूट रोकी जा सके।

# राजभवन के समक्ष शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड अनुबंध महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा ने मंगलवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। मोर्चा ने स्थायी रूप से समायोजन की मांग लेकर आवाज बुलंद की। बता दें कि ये मामला दो-ढाई साल पहले से चला आ रहा है। अनुबंध कर्मियों को स्थायी करने के संबंध में 03.12.2022 सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा एक पत्र जारी किया गया था। इसमें सभी अंगीभूत महाविद्यालयों और स्नातकोत्तर विभागों से यह आग्रह किया गया था कि जो शिक्षकों और चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की सेवाएं अनुबंध (संविदा) पर ली गयी हैं और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष या अधिक हो चुका है, उनके स्थायीकरण (नियुक्ति) पर विचार के लिए न्यायिक समिति की अनुशंसा के आलोक में विस्तृत प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय को भेजा जाये। इसके लिए एक आवरण पत्र और प्रपत्र की छायाप्रति संलग्न करने को भी कहा गया था। यह पत्र संविदा कर्मियों की स्थायी नौकरी की मांग से संबंधित था।

# मुख्य चुनाव आयुक्त 11 अप्रैल से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर

**रामगढ़-रांची में वोलेंटियर और बीएलओ से मिलकर संपन्न लोकसभा, विधानसभा चुनावों में जानेंगे उनका अनुभव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त के झारखंड भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। के रवि कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वालेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वालेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे। वहीं 13 अप्रैल को रांची के दशम फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे एवं दुर्गम क्षेत्रों में उनके प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे।

के रवि कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से संबंधित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन के निर्देश दिये। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची के कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उसे ससमय पूर्ण कर लेने को कहा। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, रांची एसएसपी चंदन कुमार मौजूद थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रामगढ़ जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार सहित निर्वाचन के पदाधिकारी बैठक से जुड़े थे।

## इडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व मंत्री सहित तीन लोगों से की पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम मंगलवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इडी की टीम टेंडर कमीशन घोटाला और जमीन घोटाला मामले की जांच को लेकर जेल पहुंची है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण विकास विभाग में कमीशन को लेकर पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीएस संजीव लाल से इडी ने पूछताछ की जबकि रांची जमीन घोटाले में कांके में जमीन हड़पने से जुड़े इसीआइआर 5/24 के गवाह प्रवीण जायसवाल से इडी ने जेल में पूछताछ की। उल्लेखनीय है कि कांके अंचल के पूर्व सीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी को प्रवीण के बयान के आधार पर ही चार्जशीटेड किया गया था। इडी ने प्रवीण को 28 मार्च को समन देकर एजेंसी में पूछताछ के लिए बुलाया भी था, लेकिन इससे पूर्व ही कांके पुलिस ने 19 मार्च को दर्ज जमीन फर्जीवाड़े के केस में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इडी ने प्रवीण जायसवाल का बयान दर्ज कराने के लिए इडी की विशेष अदालत से जेल में पूछताछ की अनुमति मांगी थी।

# एसबीयू का दीक्षांत समारोह 11 अप्रैल को, हो रही भव्य तैयारी

### समारोह में विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री भी प्रदान की जायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह विवि परिसर के दीक्षांत मंडप में शुक्रवार 11 अप्रैल को दिन के 11 बजे से होगा। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में 'मिलेट मैन' के नाम से मशहूर पद्मश्री डॉ खादर वली बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही कुलाधिपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, शासी निकाय के सदस्य अनंत जाटिया एवं राज्यसभा सांसद सह सदस्य, शासी निकाय डॉ प्रदीप कुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मंगलवार को विवि परिसर में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने दी।

प्रो जगनाथन ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय परिसर में भव्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने विवि के विजन और मिशन की चर्चा करते हुए एसबीयू में पाठ्यक्रम से इतर पाठ्येत्तर गतिविधियों का भी जिक्र किया। हैकथॉन प्रतियोगिता से लेकर क्रिकेट और योग में विवि को लगातार मिल रही सफलता को उन्होंने अतुलनीय बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि अपने बेहतरीन शैक्षणिक माहौल और आधारभूत संरचनाओं के बूते एसबीयू आनेवाले दिनों में भी अनवरत झारखंड के पठन-पाठन का केंद्र बना रहेगा।

प्रो गोपाल पाठक ने अमेरिका के पांच शीर्ष विश्वविद्यालयों के साथ सरला बिरला विश्वविद्यालय के जुड़ने को विवि के इतिहास में मील का पत्थर करार दिया। विवि में पहली बार हाल ही में हुए ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप के सफल आयोजन की उन्होंने चर्चा करते हुए आनेवाले दिनों में इससे भी बड़े आयोजन की उम्मीद जतायी। उन्होंने जानकारी दी कि एनइपी 2020 के अनुरूप इस साल से विवि के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अलावे अपने पसंदीदा कोर्स का चयन भी कर सकने में सक्षम होंगे। बिरला परिवार की परंपरा गुणवतापूर्ण शिक्षा की चर्चा करते हुए उन्होंने कैंपस के सख्त अनुशासन और विवादरहित माहौल पर बात की। एसबीयू के इस दीक्षांत समारोह में कुल 1664 डिग्री धारकों को प्रमाण पत्र सौंप जायेंगे। इसमें 43 स्वर्ण पदक विजेता भी शामिल होंगे, जिन्हें 'बसंत कुमार बिरला स्वर्ण पदक' से सम्मानित किया जायेगा। समारोह में पांच विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री भी प्रदान की जायेगी।

# मलखंब के लिए झारखंड टीम का चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन और खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम का चयन किया गया। टीम का चयन धुर्वा के सेक्टर-2 स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में हुआ। इस खुली चयन प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से संबंधित सभी जिला इकाई के अतिरिक्त पूरे राज्य से लगभग 70 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। 10 से 30 अप्रैल तक 21 दिवसीय झारखंड मलखंब टीम का प्रशिक्षण शिविर दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे चलेगा। शिविर मलखंब टीम के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक विवेक कुमार, दिव्या कुमारी, निखिल कुमार और खुशबू कुमारी की देखरेख में चलेगा। वहीं चयनित झारखंड टीम पांच से आठ मई तक बिहार के बोधगया में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के तहत मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेगी।

खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के झारखंड की बालक-बालिका मलखंब टीम तीन मई को बोधगया के लिए रवाना होगी। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

## हाइकोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश को किया निरस्त

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने मंगलवार को शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ रांची नगर निगम (आरएमसी) की ओर से जारी नोटिस मामले में सुनवाई की। सुनवाई के बाद अदालत ने आरएमसी के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि आरएमसी वैसे मामले में ही कार्रवाई कर सकती है, जिस संरचना से दुर्घटना की संभावना है। इस संबंध में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आरएमसी ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था।

# कुत्ते को गोली मारने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के टाटीसिलवे इलाके में एक व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मार दी। गोली मारने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और गोली मारने वाले व्यक्ति पर एफआइआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार टाटीसिलवे इलाके में सड़क पर रहने वाला एक कुत्ता पागल हो गया था और हाल ही के दिनों में उसने कई लोगों को काट लिया था। कुत्ते की ओर से लगातार लोगों के काटने से परेशान एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी हथियार से उसे गोली मार दी, जिससे कुत्ते की मौत हो गयी। जिस समय व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मारी। इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और वीडियो बनाने के बाद उसे पुलिस तक पहुंचा दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गोली मारने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक कुत्ते को गोली मारने की सूचना मिली है। उससे संबंधित वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध करवाया गया है। इसके आधार पर थाना प्रभारी को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# जय श्री राम के जयघोष से गूंजा हजारीबाग

- जुलूस में शामिल होने उमड़ा जन सैलाब, सौ से अधिक झांकियां निकली
- हाथ में तलवार और गले में भगवा गमछा लपेटे लाखों रामभक्त हुए शामिल
- पांच हजार से अधिक सुरक्षा बलों ने संभाल रखी थी सुरक्षा की कमान





दीपक सिंह


**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग दशमी की रात्रि में निकला रामनवमी का जुलूस एकादशी को पूरे शबाब पर रहा। जय श्री राम के जयकारे से पूरी फिजा गुंजायमान हो गया था। सड़कों पर रामभक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर भगवा धारी ही नजर आ रहे थे। भीड़ इस कदर थी कि कहीं पैर रखने की जगह नहीं थी, फिर भी लोग इस ऐतिहासिक घड़ी का गवाह बनने को बेताब थे। महिला पुरुष के साथ बच्चे भी भक्ति में लबरेज दिखे। कोई हाथों में तलवार तो कोई भाला तो कोई लाठी से करतब दिखला रहा था। डंके की गड़गाहाहट, तासे की तड़तड़ाहट और जय श्री राम के जयघोष से पूरा हजारीबाग गूंज उठा। दशमी की रात 12 बजे के बाद झांकी का शहर में प्रवेश शुरू हुआ और एकादशी की देर रात समाप्त हुआ। शाम छह बजे तक जामा मस्जिद रोड में लगभग झांकी प्रवेश कर चुकी थी।

**पांच हजार से अधिक सुरक्षा बल थे तैनात:** हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए पांच हजार से अधिक सुरक्षा बल तैनात किये गये थे। जिनमें जिला बल, आइआरबी, जैप, सीआरपीएफ के अलावा कई अन्य कंपनियां शामिल थीं। शाति मित्र और गुलाबी व पीली पगड़ी पहने पुलिस कर्मी जुलूस बढ़ाने में मदद कर रहे थे। हर झांकी में शामिल शांति मित्र और सादे लिबास में गुलाबी पगड़ी और पीली पगड़ी बांधे पुलिस कर्मी जुलूस को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे थे। इस दौरान कई बार उनकी अखाड़ेघारियों से तू- तू मैं-मैं भी हुई, मगर अपना पेसेंस बरकरार रख अपनी ड्यूटी निभा रहे थे।

**ड्रोन और सीसीटीवी से होती रही निगरानी:** प्रशासन पूरे जुलूस को ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से निगरानी करता रहा। साथ ही पूरे जुलूस की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गयी। प्रशासन के गैलरी और कंट्रोल रूप में बड़े बड़े टीवी लगा कर जुलूस के मूवमेंट को देखा जा रहा था।

**हर चौक चौराहे पर की गयी थी बैरिकेटिंग:** प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए शहर के सभी मुख्य चौक चौराहे की बैरिकेटिंग की थी। यातायात व्यवस्था सहित भीड़ के नियंत्रण हेतु कई जगहों पर ड्रॉप गेट बनाया गया था।

## डीआइजी, डीसी और एसपी खुद कर रहे थे मॉनिटरिंग



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआइजी संजीव कुमार, डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह लगातार मंच पर डटे रहे। इस दौरान जुलूस की मॉनिटरिंग करते रहे और प्रशासन को दिशा निर्देश देते रहे। उनके साथ डीडीसी इस्तियाक अहमद समेत जिले के वरीय पदाधिकारी भी मंच पर डंटे रहे। एडिशनल एसपी अमित कुमार, एसडीपीओ अमित आनंद, एसडीओ बैजनाथ कामती, सदर सीओ मयंक भूषण, प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिद्दू रजक, कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर, मुफ्फसिल कुणाल किशोर, ट्रैफिक प्रभारी श्रवण कुमार समेत जिले के कई अन्य थाना की पुलिस और पदाधिकारी भी सुरक्षा की कमान संभालने में लगे थे।

## रामनवमी झांकी में लगी आग, सदस्यों में मायूसी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में दशमी की रात एक झांकी में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गयी। झांकी हजारीबाग जिले के बभनबय क्लब द्वारा तैयार की गयी थी। जो शहर की ओर रवाना हो चुकी थी। लेकिन शहर पहुंचने से पहले ही इसमें आग लग गयी। देखते ही देखते झांकी जलकर पूरी तरह राख हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग और क्लब के सदस्य आग बुझाने के प्रयास में जुट गये। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक झांकी पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जतायी जा रही है। इस घटना के बाद आयोजकों में मायूसी देखी जा रही है।

## कांग्रेस नेता ने रामभक्तों का किया स्वागत



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में रामनवमी का पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार की सुबह ऐतिहासिक इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस के साथ नगर का माहौल राममय हो उठा। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने जामा मस्जिद रोड पर पारंपरिक रीति से रामभक्तों, आकर्षक झांकियों और अखाड़ों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। साथ ही उन्होंने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव का भी स्वागत और सम्मान किया। सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति की अनुशासित, भव्य और समर्पित व्यवस्था की सराहना की।

## दिन-रात ताशा और डीजे के साथ थिरके रामभक्त



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। विजयदशमी के जुलूस में बड़कागांव के 13 अखाड़ों समितियों द्वारा जीवंत झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसका मूल्यांकन करने के लिए मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार और आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, बैजनाथ महतो, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी द्वारा मंच उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस दौरान महारामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष विवेक सोनी के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र और तलवार देकर सम्मानित किया गया। जुलूस में शांति व्यवस्था बनाने के लिए अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, एसडीपीओ पवन कुमार, इस्पेक्टर अनिल कुमार और थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन सक्रिय भूमिका निभायी। संगम युवा क्लब बसरिया मुहल्ला और अंबेडकर शबरी क्लब द्वारा विस्थापन की मार, पर्यावरण प्रदूषण बेरोजगारी पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गयी। राम जानकी पूजा समिति द्वारा बेटी की डोर, ना समझो कमजोर संबंधित झांकी प्रस्तुत की गयी, ठाकुर मुहल्ला महावीर पूजा समिति द्वारा समुद्र में मंथन की झांकी प्रस्तुत की गयी, गुरुचट्टी रामनवमी महा समिति द्वारा माता शबरी के द्वारा राम लक्ष्मण को अपने कुटिया में आने की इंतजार की झांकी प्रस्तुत की गयी, लोहार मुहल्ला द्वारा मां दुर्गे द्वारा महिषासुर को वध करते संबंधित झांकी प्रस्तुत की गयी, शिव शक्ति युवा क्लब बर मुहल्ला द्वारा भारी वर्षा के कारण फसल को नष्ट होने पर किसान की आर्थिक स्थिति कमजोर संबंधित झांकी प्रस्तुत की गयी सहित 15 नंबर चौक राम सेना पूजा समिति द्वारा, बसंत दुर्गा पूजा समिति, अवतार क्लब द्वारा झांकी प्रस्तुत की गयी।

## टाटीझरिया में रामनवमी मेला का आयोजन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व के मौके पर दशमी को सनराइजर्स युवा क्लब टाटीझरिया के बैनर तले बाबा बालक नाथ मंदिर अखाड़े में मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान डहरभंगा, टाटी और सदारो से गाजे-बाजे के साथ अखाड़े में जुलूस पहुंची। जुलूस में रामभक्त महावीरी ध्वज के साथ हाथों में तलवार और लाठी-डंडे लेकर भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस अवसर पर दशमी की रात्रि यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो मंगलवार अहले सुबह तक चली। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव, पूजा कमेटी के संरक्षक राजू यादव, अध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव प्रकाश गुप्ता, होपन सिंह व अन्य ने फीता काटकर किया। सनराइजर्स युवा क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मालदा, आसनसोल, बंगाल से पहुंचे कलाकारों ने हिंदी, खोरठा, नागपुरी, भोजपुरी गीतों में अपनी प्रस्तुति से रातभर दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान अखाड़े में पहुंचे विभिन्न जुलूस समितियों, अतिथियों, पूजा कमेटी के पदाधिकारीगण और कार्यकारिणी सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रकाश साव, अमन गुप्ता, बंटी यादव, पिंटू यादव, राजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, छोटी साव, अजीत राम, छोटन साव, शंभू साव, हजारी प्रसाद जायसवाल, अनिल मेहता, शंकर यादव, विजय यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, बिरेंद्र सिंह, संतोष कुमार साव, चंद्रदेव यादव, पंकज चौधरी, अजय महतो, सुमन साव, दीपक गुप्ता, भोला राम, सचिन यादव, रंजन चौधरी, बबली साव, कारू यादव, संदीप गुप्ता समेत टाटीझरिया, डहरभंगा, सदारो, मुरूमातु, होलंग, मंडपा व आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बेलतू गांव में आगामी 5 से 11 मई तक आयोजित होने वाली श्रीरुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण श्रद्धालु भक्तों द्वारा बेलतू गांव से शोभा यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मां अष्टभुजी मंदिर कंडाबेर तक शोभा यात्रा निकाली गयी। तत्पश्चात यज्ञाचार्य डॉक्टर चक्रपाणि महाराज की मौजूदगी में महायज्ञ स्थल बेलतू में ध्वजारोपण किया गया। महायज्ञ में यज्ञाधीश मौनी बाबा अवधेश दास महाराज (अयोध्या धाम) अजुर्नानंद दास महाराज प्रवचनकर्ता शिव महापुराण कथा वाचिका आराध्या शास्त्री (वाराणसी) यज्ञाचार्य डॉक्टर चक्रपाणि महाराज (वाराणसी यूपी) के सान्निध्य में यज्ञ संपन्न होगा। इधर शोभा यात्रा के दौरान स्थानीय मुखिया जितनी देवी, पप्पू कुमार, संजय कुमार भारती, जिप प्रतिनिधि निरंजन साव, कर्मचारी साव, लोकनाथ राणा, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार, ओमप्रकाश कुमार, गोपाल कुमार, छटू साव, हेमराज साव, हेमलाल पासवान, नकुल साव, बजरंग साव समेत सैकड़ों महिला पुरुष और ग्रामीण भक्त मौजूद थे।

## इचाक में रामनवमी जुलूस देर रात संपन्न



इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक बाजार में विजयदशमी के दिन निकाले गये सात झांकियां मंगलवार एकादशी को देर रात्रि शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सात अखाड़ा धारियों की झांकी जिसमें आदर्श वीणा क्लब नया दुर्गा मंडा, दिलदार नवयुवक संघ परासी, आरएफसी कुटुमसुकरी, रामनवमी शांति समिति हदारी, पुराना इचाक, छावनी, उपकार संघ लोहारटोली का जुलुस प्रशासन के बनाये मार्गो पर गुजरा और अंत में बड़ी मस्जिद को पार करते हुए झांकियां का समापन हुआ। झांकियों में लोगों ने श्री राम धुन के ताशा पार्टी ढोल पर थिरके और पारंपरिक हथियार से करतब दिखाते हुए राम भक्तों का उत्साह बढ़ाया। चिन्हित जगहों पर स्वास्थ्य कैंप लगा हुआ था, जहां घायल लोगों का उपचार किया गया। प्रखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अखाड़ा धारियों और बुद्धिजीवियों ने जुलूस को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने में अपनी भूमिका निभायी। पूरे जुलूस के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी श्रुति, सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार, एसआई संतोष सिंह दल बल के साथ तैनात दिखे। वहीं कुटुमसुकरी चौक पर मंगलवार को रितेश कुमार उर्फ जानू को श्रद्धांजलि दी गयी। जिसके बाद रामभक्तो के बीच भोग वितरण किया गया। बताते चले कि जानू आर एफ सी कुटुमसुकरी का सक्रिय कार्यकर्ता था। जिसकी आकस्मिक मौत हो जाने से क्लब के लोगों ने शोक सभा आयोजित की।

## हाथियों का कहर लगातार जारी, लोगों में भय



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का कहर लगातार जारी है। इस दौरान हाथियों के झुंड ने जिले के अलग अलग जगहों पर दस्तक दी है। हाथियों के घुसने से इन दिनों इलाके में भय का महौल बन गया है। हाथियों के झुंड में दो छोटे हाथी है और 10 से 15 से अधिक बड़े हाथी बतायें जा रहे हैं। हाथी कोडरमा के जंगली रास्ते होते हुए प्रवेश करने की बात कही जा रही है। यह क्षेत्र में पहले भी हाथी का उत्पात देखने को मिला है। स्थानीय बताते हैं कि रविवार देर रात को हाथियों का समूह डोमचांच नगर पंचायत के आसपास देखा गया था। उनके आवाज से यह पता चला कि संख्या काफी अधिक है। रात में भय के कारण ग्रामीण घर से बाहर नहीं निकले। सुबह जब घर से बाहर निकले तो पता चला कि हाथी क्षेत्र में घुस आए हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग के कर्मी हाथियों को भगाने में लग गये। वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि हाथी के आसपास नहीं जाये। वन विभाग कर्मी ने कहा कि अगर हाथी एक बार बिदक गया तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर थाना क्षेत्र तेतरोन पंचायत के ग्राम पांडु में दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक व्यक्ति की पहचान जयनगर थाना अन्तर्गत ग्राम महुआटांड़ निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह (45, पिता स्व. गजाधर सिंह) के रूप में हुई। घटना मंगलवार सुबह की है। आसपास के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक धर्मेंद्र कुमार सिंह अपने ससुराल मरकच्चो से घर आ रहा था। इस दौरान पांडु के समीप कोडरमा की ओर से अपाची जेएच 12 एस 9687 से तेज रफ्तार से आ रहे धर्मेंद्र कुमार सिंह की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गये। अपाची पर सवार चालक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार मृतक को पत्नी सहित तीन पुत्र हैं। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी बबलू कुमार, परसाबाद पिकेट प्रभारी अरविंद हांसदा, एसआइ नरहरि सिंह मुंडा कई पुलिस जवान घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। परिजन सड़क से शव को उठाने नहीं दे रहे थे। पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से समझाने बुझाने के बाद पुलिस ने शव को अपने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की भव्य शोभा यात्रा निकली

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** प्रखंड क्षेत्र में एकमात्र सांसद आदर्श ग्राम जरबा में बसंती दुर्गा पूजा सह नवरात्र सोमवार को नवपत्रिका विसर्जन के साथ रामनवमी का शोभा यात्रा मंगलवार को निकली गयी, वही मां की प्रतिमा को श्रद्धालुओं के द्वारा नाम आंखों से विदाई दी गयी। सांसद आदर्श ग्राम जरबा में निकली गयी शोभा यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभायी। शोभा यात्रा को मंगलवार की सुबह 10:00 बजे जारवा मंदिर परिसर से निकल गयी। वहीं इस शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए बंटी ग्रुप ताशा पार्टी कारूखाप के द्वारा अपने ढोलक के ताल पर लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह पर लोगों के द्वारा लाठियां का खूब कला प्रदर्शन दिखाया गया वहीं महिलाओं ने भी अपना कला प्रदर्शन दिखाए। प्रतिमा विसर्जन के मौके पर प्रशासन का भी सहयोग रहा। इस मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित ग्रामीणों भी हर्षोउल्लास के साथ शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

## चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत यूपी मोड़ पर भीषण सड़क दुर्घटना
# चालक की मौत, एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत यूपी मोड़ पर दुर्घटना होने की संभावना लगातार बनी रहती है। स्थानीय लोगों बताते है इस मोड़ पर छोटी बड़ी दुर्घटना महीने में लगभग 5 से 10 दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। वही मगलवार को 60 लोगो से भरी बस रामगढ़ से हजारीबाग की तरफ जाने के क्रम में वही हजारीबाग तरफ से धन लोड कंटेनर गाड़ी संख्या एम एच 46 बी एफ 1457 अनियंत्रित होकर टेलर संख्या बी आर 21 जी सी 5856को पीछे से मारते हुए डिवाइडर पर कर रोड के दूसरे छोर से जा रही बस संख्या जे एच 03ए एम 1320 में सीधे जा कर जोर दार टकर मारी जिसमें दोनों चालकों की मौके पर ही मौत व एक दर्जन से अधिक लोग घायल बताया जा रहा है। दुर्घटना इतना जबरजस्त हूवा की, बस में सवार 60 लोग की चीख पुकार मच गयी। जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गये सभी घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया गया। जिनमे मृतक को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा गया ।

### दुर्घटना होने का कारण

घाटी इतना जबरजस्त घुमावदार है कि वाहनों के वाहन चालक वाहन पर नियंत्रण रख पाना मुस्किल बन जाता है, जिस के कारण इस मोड़ पर आये दिन दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। दुर्घटना के बाद स्थानीय पुलिस गस्ती दल के द्वारा तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य में जुड़ गयी और बस में दबे हुए लोगों को निकाला गया। इस घुमावदार घाटी को लेकर सुशासन प्रशासन अपनी चुप्पी शादी बैठे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू कार्य जारी था।

## बरकट्ठा में रामनवमी पर्व संपन्न



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में वासंतिक दुर्गा पूजा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में 10 दिवसीय रामनवमी पूजा त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस बार भी दुर्गा मंदिर के सामने दशमी के दिन मेला का आयोजन किया गया। इसमें दूर दराज गांवों से काफी संख्या में मां दुर्गा का दर्शन करने और मेला देखने पहुंचने। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धूमधाम से रामनवमी पूजा का समापन हुआ, मंगलवार को भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। मूर्ति विसर्जन से लेकर पूरे 10 दिन पुलिस प्रशासन सक्रिय रही। साथ ही विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी। बरकट्ठा में काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने मां की विदाई में शामिल हुए। बरकट्ठा में भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा को बेलवा नदी की लहरों विसर्जित किया गया। मौके पर पूर्व जीप उपाध्यक्ष चंदन देवी, पूर्व मुखिया बसंत साव, संजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, शोभा समिति अध्यक्ष सुरज मोदी, पुजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, मिथलेश भारती, रामजी मंडल, रंजन यादव, दर्शन सोनी, महेश मंडल, राहुल गुप्ता, दिपक राणा, इंद्रदेव मोदी उपस्थित थे। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रवण कुमार झा, पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोक्ता, थाना प्रभारी गोरहर सोनू कुमार, एसआई रतन शर्मा, एसआई गौतम उरांव समेत पुलिस बल का सहयोग रहा।

## यूनियन बैंक का खुला ग्राहक सेवा केंद्र

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत सुधा स्वीट्स के बगल वाली गली में आलोक पांडे भाई के मकान में यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन कोडरमा के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा किया गया। यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र खुल जाने से अगल-बगल रहने वाले बैंक से संबंधित काम में सहूलियत होगी। उद्घाटन के मौके पर कोडरमा नगर पंचायत के कई लोग मौजूद थे।

## जयनगर में श्री राम सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए भूमि पूजन संपन्न



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत के ठाकुर टोली में श्री राम यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को भूमि पूजन सह ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम को यज्ञाचार्य सत्येंद्र पाठक के द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में बतौर यजमान लखन ठाकुर अपनी पत्नी सारो देवी के साथ विशेष रूप से शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान वैदिक और लौकिक मंत्रों से पूरे गांव और आस-पास के गांवों का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ शामिल रही। मौके पर यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री राम यज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन आगामी 17 से 21 अप्रैल तक होना तय हुआ है। मौके पर यज्ञ समिति के लोगों सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया दो पनशालाओं का शुभारंभ



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में मंगलवार को भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शहर के ओम क्लीनिक और श्याम धाम मंदिर परिसर के सामने दो पनशाला का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ समिति की वरिष्ठ सदस्या अरुणा जैन के द्वारा कराया गया। साथ ही समिति की अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि इन पनशालाओं के माध्यम से न सिर्फ राहगीरों की प्यास बुझाने का प्रयास किया जायेगा, बल्कि मानव शरीर को पौष्टिकता प्रदान करने के लिए प्रतिदिन गुड और चना का वितरण भी किया जायेगा। जिससे गर्मी में जल की शीतलता के साथ-साथ पौष्टिक आहार से राहगीरों को पौष्टिकता भी मिल सके। उन्होंने बताया समिति की इस तरह के कार्यक्रम हमेशा समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर किये जाते हैं और मारवाड़ी महिला समिति अपने सतत प्रयासों से इस तरह की सेवा भावी कार्यक्रमों का सफल आयोजन करती रहेंगी। समिति अपने ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन और लोक कल्याण के नए नए सोपान स्थापित करते रहेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सचिव रिद्धि जैन, पुष्पा अग्रवाल, अनीता बंसल आदि शामिल थी।

## लापता युवक का शव बरामद



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** दामोदर नदी से मंगलवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने रामगढ़ थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। साथ ही मामले जांच पड़ताल में जुट गयी। मृतक युवक की पहचान शहर के बंगाली टोला निवासी 32 वर्षीय मनीष कुमार अमन के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि 2 दिन पूर्व मृतक युवक की मां पूनम दास पति स्व ललित कुमार दास ने रामगढ़ थाना में अपने पुत्र की गुमशुदगी का शिकायत दर्ज करायी थी।

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम सील




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा में सालों से अवैध रूप से संचालित रानी अस्पताल और भारत अल्ट्रासाउंड को प्रशासन ने सील कर सनसनी फैला दी। सीओ विजय कुमार ने दोनों को सील कर दिया। सीओ विजय कुमार ने बताया कि चतरा जिला चिकित्सा प्रभारी को मिल रही सूचना के आधार पर अवैध रूप से अस्पताल प्रसूति केंद्र और अल्ट्रा साउंड केंद्र चलाया जा रहा था। जैसे प्रशासन पहुंची संचालक ने वैध कागजातों को नहीं दिखा पाये जिसे प्रशासन द्वारा बंद करा दिया गया।

## 14 अप्रैल को कुजू में मनेगी अंबेडकर जयंती



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पश्चिमी पंचायत भवन में मंगलवार को आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता धर्मराज राम ने किया। बैठक में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से श्रीराम चौक कुजू स्थित पकरिया टोला में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला सहित पुरुषों के शामिल होने की बात कही गयी। मौके पर मेघलाल राम, संतोष भुइयां, राजू नायक, सुरेश राम, नरेश करमाली, कपूर भुइयां, बिनोद राम, संजीत राम, विकास राम, शक्ति राम, महेंद्र भुइयां, सुनील राम, पिंटू राम, शिवचरण राम, विजय राम मौजूद रहे।

## तोपा में सरहुल पूजा महोत्सव आज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सरना समिति तोपा कोलियरी के सौजन्य से बुधवार को सरना स्थल तोपा में सामुहिक सरहुल पूजा महोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से मांडू विधायक तिवारी महतो, विशिष्ट अतिथि तोपा पीओ मनोज कुमार सिंह शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी समिति के सदस्य अभिषेक पासवान ने दी है। समिति के सदस्यों ने आयोजित सरहुल महोत्सव में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है ।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत टर्निंग पॉइंट के मोड़ पर एलपी गाड़ी के चपेट में आने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में गोविंद कुमार उर्फ गोलू कुमार उम्र लगभग 18वर्ष पिता बाबूलाल करमाली की मौत हो गयी। जबकि अनिल कुमार पिता सुरेश राम घायल हो गया। दोनों युवकों ग्राम कटिया पीटीपीएस निवासी के रूप में हुई है।

### भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की बैठक संपन्न

# अध्यक्ष बने अनमोल सिंह और सचिव मनमोहन सिंह लांबा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की बैठक शहर के एक होटल में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद नये कमेटी का गठन किया गया। जिसमें नए सत्र के पदाधिकारीयों के रूप में अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, सचिव सरदार मनमोहन सिंह लांबा, उपाध्यक्ष आनंद सर्राफ, प्रदीप कुमार शर्मा, सह सचिव निलेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, और पीआरओ के रूप में पूर्व अध्यक्ष अमित साहू चुने गये।



**शाखा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रयासरत रहूंगा: अनमोल :** नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने कहां की भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हूं और जो मान सम्मान भारत विकास परिषद के सदस्यों ने दिया है। इसका आजीवन ऋणी रहूंगा। वहीं सचिव के रूप में सरदार मनमोहन सिंह लांबा ने कहा कि भारत विकास परिषद के चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह को अमलीजामा पहनाने के लिए संकल्पित हूं और जल्द से जल्द चतुर्थ सामूहिक विवाह की तिथि का घोषणा किया जायेगा। लगातार चौथी बार कोषाध्यक्ष बनने पर राम प्रवेश गुप्ता ने कहा कि संगठन ने जो हम पर विश्वास किया है उस विश्वास को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। मौके पर पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़, उमेश राजगढ़िया, हरीश चौधरी, पूर्व सचिव डॉ आलोक रतन चौधरी, नानूराम गोयल, सचिन अग्रवाल, अखिलेश सिंह, अजय अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण को लेकर जांच शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यकम के अंतर्गत बुधवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ तुलिका रानी के नेतृत्व में छावनी बालिका मध्य विद्यालय में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 98 बच्चों की जांच डॉ पल्लवी कौशल जिला कंसलटेंट और सीएचओ जुही ज्योति के द्वारा की गयी। कुल 22 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाये जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार के द्वारा जांच उपरांत 12 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि हुई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि फ्लोरोसिस एक लाईलाज बीमारी हैं और बचाव ही



एक मात्र उपाय हैं। समय रहते इस बीमारी के बारे में पता लगने से बीमारी कंकाल तक नही पहुंचती हैं। यह बीमारी बहुत ही कम उम्र से दांतों में भुरे धब्बे, पेट दर्द, कब्ज, जोडों में दर्द जैसी समस्याएं उत्पन्न करती है। इसलिए इसे रोकना बहुत आवश्यक हैं अन्यथा यह शरीर में विकृति उत्पन्न कर देती हैं। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सदर अस्पताल रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी और पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकता हैं। डॉ तुलिका रानी सह नोडल पदाधिकारी ने बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं और साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें संतरा, निबू, आवला और दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नही होता हैं। उन्होंने इससे संबंधित अन्य जानकारी दी। शिविर को सफल बनाने में क्षेत्र की सीएचओ, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार




**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों मामले आये। इन मामलों में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मंइया सम्मान योजना, बिजली विभाग, नल जल योजना और खराब पड़े चापानल सहित कई अन्य समस्याएं शामिल थीं। जनता दरबार में सबसे अधिक मामले जमीन से संबंधित आए, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है। इस आयोजन के माध्यम से चतरा उपायुक्त ने आम जनता की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास किया। जइस मौके पर जिले के लगभग सभी पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने जनता दरबार में आए मामलों की जांच और समाधान में सहयोग किया।

## भुरकुंडा में सुदेश महतो का आजसू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान आजसू के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो और तिवारी महतो को बुके देकर स्वागत करते हुए फूल माला से लाद दिया। बताते चलें कि आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो रांची से सौंदा बस्ती होते हुए केरेडारी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इसी क्रम में सौंदा बस्ती के समीप पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारियों ने सुदेश महतो और निर्मल महतो का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सुदेश महतो ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा की प्रदेश की हेंमत सरकार लुट खसोट की सरकार है। जनहित के मुद्दे से सरकार को कोई लेना देना नहीं है। आजसू कार्यकर्ताओं को जनहित के हर मुद्दे पर एकजुटता के साथ सड़क पर आंदोलन करने को तैयार रहना होगा। स्वागत करने वालों में प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू, केंद्रीय सदस्य इमरोज खान, प्रखंड उपाध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर, युवा आजसू प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय, गौतम कुमार, आकाश कुमार, अनुज कुमार, दीपक कुमार, राजा कुमार, रॉकी, चंदन सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## बरकासयाल में अधिक कोयला उत्पादन पर राकोमयू ने जीएम को दी बधाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र में वित्तीय वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष में कोयले की अधिक उत्पादन पर मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और विस्थापित संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव और विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/पोटंगा सचिव महादेव बेसरा ने संयुक्त रूप से महाप्रबंधक को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल मजदूर, विस्थापित ग्रामीण और श्रमिक नेताओं के सहयोग से बरका सयाल क्षेत्र में कोयले का सबसे ज्यादा उत्पादन कर नया कीर्तिमान रचा है। इसके लिए सभी लोगों को बधाई दी। मौके पर सीताराम किस्कू , डॉ जी आर भगत, लालो महतो, सुखदेव सोरेन, चंदू जायसवाल, उपमुखिया सतीश कुमार, सिगू हेंब्रम, दीपक यादव, रेवा यादव, पप्पू यादव, इंद्रजीत दुबे मौजूद थे।

# पोषण पखवाड़ा के लिए जागरूकता रथ को डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** 8 से 22 अप्रैल तक मनाये जा रहे पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीडीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको से पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत किये जा रहे कार्यों और जागरूकता रथ के रोस्टर के संबंध में जानकारी ली। जागरूकता रथ



के द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण व अन्य को पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैक्टर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। साथ ही जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, अंडा आदि शामिल करने के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, महिला पर्यवेक्षिकाओं, जिला बाल संरक्षण कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत में युवक को पीटा, की आत्महत्या

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पंचायत में एक युवक की पिटाई के बाद युवक के द्वारा आत्महत्या करने का एक मामला सामने आया है। मृतक 25 वर्षीय नरेश गंझू वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के भौराही गांव निवासी कैलाश गंझू का पुत्र था। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि बीते छह अप्रैल को नरेश गंझू के विरुद्ध गांव में पंचायत बैठी थी। यह पंचायत नरेश के द्वारा पहली पत्नी के रहते हुए गुपचुप तरीके से दूसरी शादी करने को लेकर बुलाई गयी थी। इसमें नरेश के ससुराल बकैन गांव के लोग भी काफी संख्या में शामिल हुए थे। परिजनों ने बताया कि पंचायत के उपस्थित बकैन गांव के ग्रामीणों ने नरेश द्वारा दूसरी शादी करने की बात कहते हुए लाठी डंडे से पिटाई कर दी थी। भरी पंचायत में मारपीट होने के कारण नरेश सदमें में आ गया और शाम को अपने घर में ही खेत में डालने वाला कीटनाशक खा लिया। परिजनों ने उसके द्वारा विषपान करने की भनक लगते ही उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी स्थिति बिगड़ने पर उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में एफआइआर दर्ज नहीं हो पाया है।

## सड़क के किनारे से महिला का शव बरामद

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के लिपदा गांव में सड़क किनारे एक महिला का शव संदिग्ध हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक महिला की पहचान सिमरिया थाना क्षेत्र के बनासाड़ी गांव निवासी सुदन पासवान की पत्नी मुखवा देवी के रूप में हुई है। मृतका के पति सूदन पासवान ने बताया कि घटना से कुछ घंटे पहले उनकी पत्नी घर से बाहर निकली थी। इसके बाद अचानक उसके शव मिलने की खबर मिली। सूदन ने पुलिस से इस मामले की गहनता से जांच करने की गुहार लगायी है ताकि यह स्पष्ट हो सके की उसकी पत्नी की मौत हत्या के कारण हुई या फिर सड़क हादसा की शिकार हो गयी।

## प्रभात कुमार बने हंटरगंज के नये थाना प्रभारी



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना में थाना प्रभारी के रूप में प्रभात कुमार ने पदभार ग्रहण किया। पदभार पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा से लिया है। श्री कुमार हंटरगंज थाना के 45 वें थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया है। इसके पूर्व जोरी के थाना प्रभारी रह चुके हैं। थाना प्रभारी बनने पर हंटरगंज थाना कर्मियों के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। पदभार ग्रहण के वाद श्री कुमार ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। नशामुक्त और भय मुक्त महौल बनाया जायेगा। अफीम और शराब तस्करों की खैर नहीं रहेगी। थाना में किसी बिचौलियों की नही चलेगी। सभी लोगों को मान सम्मान रखा जायेगा।

## अलग-अलग दुर्घटना में दर्जनों घायल

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के धमनाटांड़ गांव और हेमतपुर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दस लोग घायल हो गये। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार के बाद सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया। बताया गया कि पश्चिम बंगाल के जिला पुरुलिया, थाना अड़सा, मांकियारी गांव निवासी सरिता सिंह, पति बापी सिंह 22 वर्ष, पूर्णिमा सिंह पति यादु सिंह 45 वर्ष, सोनाली सिंह पति उत्तम सिंह 25 वर्ष, अम्बिका सिंह पति भजन सिंह 38 वर्ष, अंजना सिंह पिता पूजन सिंह 11 वर्ष सहित अन्य तीन लोग घायल हो गये। सभी बोलेरो पर सवार होकर मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा किसी कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। जिसके बाद सभी ने गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद गांव किसी सगे संबंधी के यहां गये हुए थे। जिसके बाद सभी ने वाहन पर सवार होकर अपने घर पुरुलिया के लिए निकले। इस दौरान रामगढ़ से बोकारो की ओर जा रहे स्विफ्ट डिजायर कार से टक्कर हो गयी। वहीं बीते देर शाम को रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप पेटरवार के सदमा गांव निवासी बाइक सवार एक व्यक्ति डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि बोकारो जिले के पेटरवार थाना अंतर्गत सदमा गांव निवासी नसीम अख्तर 58 वर्ष बाइक पर सवार होकर रामगढ़ से अपने घर पेटरवार की ओर जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में इलाज कराया गया। जिसके बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

## सुबह 7 से 11 बजे तक बिजली बाधित रहेगी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** 33 केवी कोर्ट फीडर ने मरमती कार्य और पेड़ों की छटाई के कारण बुधवार की सुबह 7 से 11 बजे तक बंद रहेगा। उक्त बातों की जानकारी मंगलवार को सहायक विद्युत अभियंता रामगढ़ दीपक कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि इस दौरान छत्तरमांडू, कोर्ट कैंपस, कैथा, डीसी कार्यालय, बाजार समिति, लोधमा, कुंदरुकला, बारलौंग, सुकरीगढ़ा, लारी आदि क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

## सद्भावना समिति सयाल ने जीएम को किया सम्मानित

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र में वित्तीय वर्ष से अधिक इस वर्ष कोयला उत्पादन में नया कृतिमान रचने पर मंगलवार को सद्भावना समिति सयाल के पदाधिकारियों ने बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को महाप्रबंधक कार्यालय सयाल में मुलाकात कर बधाई दी और शाल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर समिति के संरक्षक बीरेंद्र पासवान, अध्यक्ष सतेंद्र यादव, सचिव अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, रामविलास यादव, शशि पासवान, छोटन सिंह, संटू सिंह आदि मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 55 date 28.03.2025, I Ravindra Sharma, resident of village - Parsanwa, Po.+ Ps.- Panki, Naudiha, Panki, Palamu, Jharkhand - 822122, do solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am indian Citizen and resident of above Mentioned.
2. That Shital Kumari Is my Daughter, whose date of birth is 04/02/2012.
3. That Aadhar Card Has been issued to her in which her name has been receded as Supriya Kumari in place of Shital KumariVide Aadhar No. 6874 8857 8617 4. That i need Corrction of my daughters name in her Aadahr Card like this. From Supriya Kumari to Shital Kumari hence it is neccesary to take oath hence this. swon & signed on this the 20th day of march, 2025 ar Ranchi.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 983 date 11.03.2025, I, Archana Kumari D/o Chandrama Sharma, Resident of Ward No.6, Vill.- Ghatahua Kalan, Po- Lamari Kala, Ps.-Kandi, District- Garhwa, Jharkhand- 822120 do hereby solemnly affirm and declare that the statements made aksvaxara hereinbelow are true to the best of my knowledge and belief;
1. That I am Citizen of india.
2. That I am living at my above mentioned address.
3. That my name is ARCHNA KUMARI, mentioned in my previous Aadhar vide Aadhar No. 3069 1008 9060
4. That i have change my Name Archana Kumari and have kept a new SANJANA KUMARI, which is mentioned in my present Aadhar No. 3069 1008 9060. and Martric * 12th Certificates.
5. That my name ARCHNA KUMARI in my documents and all places. and both name is same and one person which is my name
6. That my statement furnished above are true, i will be fully responsible for any kind of wrong.

# बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स एस&पी 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। एस&पी 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है।

**मार्केट में दहशत :** इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट आ रही है।

**पॉवेल से मदद नहीं :** अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही।

> **ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।**

**स्टीमुलस से आशा :** ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है।

**ज्यादा असर नहीं :** भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।


**डिमांड मजबूत होगी :** यहां कुछ दिनों में रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में कटौती की भी उम्मीद है। सरकार के बजट में 12 लाख की आय पर टैक्स छूट और ब्याज दरों में कमी से भी डिमांड को मजबूती मिल सकती है। फिर भी, निवेशकों को जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 2025 में केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो भारतीय नवाचार में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।**

# भविष्य के लिए तैयार स्टार्टअप इकोसिस्टम की ओर

**रोहित कुमार सिंह**




हाल ही में स्टार्टअप महाकुंभ में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की गयी टिप्पणी भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की समयोचित और आवश्यक आलोचना प्रस्तुत करती है। इस क्षेत्र के अंतर्गत हुई उल्लेखनीय प्रगति और नवाचार को स्वीकारते और उसकी सराहना करते हुए श्री गोयल ने स्टार्टअप्स से आग्रह किया कि वे अपना ध्यान खाद्य वितरण और हाइपर-फास्ट लॉजिस्टिक्स जैसे कम मूल्य वाले उपक्रमों से हटा कर सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और डीप-टेक जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करें। आत्मविश्लेषण का यह आह्वान न केवल जायज है, अपितु भारत के उद्यमशील परिदृश्य की दीर्घकालिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक भी है।

**सफलता की गाथा –** भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 2025 में केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो भारतीय नवाचार में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इसके अलावा, टियर 2 और टियर 3 शहर कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में स्थानीय चुनौतियों से निपटते हुए उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधि केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। यह विकेंद्रीकरण एक आशाजनक प्रवृत्ति है, जो इकोसिस्टम की समावेशिता और उसकी संभावनाओं को रेखांकित करती है।

> **भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्णायक मोड़ पर है।**

**श्री गोयल द्वारा रेखांकित चुनौतियां** - इन उपलब्धियों के बावजूद श्री गोयल की आलोचना उन महत्वपूर्ण कमियों की ओर इंगित करती है, जिन्हें दूर किए जाने की आवश्यकता है। अनेक स्टार्टअप्स डीप-टेक जैसे परिवर्तनकारी क्षेत्रों में नवाचार करने के बजाय मौजूदा व्यवसाय मॉडल की नकल करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उदाहरण के लिए, यद्यपि चीनी स्टार्टअप्स सेमीकंडक्टर और इवी प्रौद्योगिकियों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं, वहीं भारतीय स्टार्टअप्स अक्सर किराने के सामान की तत्काल डिलीवरी या विशिष्ट उपभोक्ता उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं। इस दृष्टिकोण से सीमित दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य वाले व्यवसायों का सृजन होने का खतरा है। श्री गोयल ने प्रतिभा पलायन या ब्रेन ड्रेन के बारे में भी चिंता जाहिर की, जहां नवोन्मेषी विचारों को कम कीमत पर विदेशी कंपनियों को बेचा जाता है। घरेलू नवाचार के लिए मजबूत समर्थन के बिना, भारत के समक्ष अपनी बौद्धिक पूंजी को अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के लिए गवां देने का जोखिम मौजूद है।

**आत्मविश्लेषण और जवाबदेही –** मंत्री महोदय का यह वक्तव्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में कही जाने वाली सामान्य बातों से हट कर एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखने का विकल्प चुना। उनकी इस स्पष्ट आलोचना को निंदा के रूप में नहीं, बल्कि भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए रचनात्मक चुनौती के रूप में उन्हें सौम्य रूप से प्रेरित किये जाने के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर आत्मविश्लेषण और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में वरिष्ठ मंत्रियों के ऐसे वक्तव्य महत्वपूर्ण हैं। यद्यपि यूनिकॉर्न वैल्यूएशन और वित्त पोषण संबंधी उपलब्धियों को लेकर मिल रही प्रशंसा का आनंद लेना आसान है, लेकिन वास्तविक प्रगति प्रणालीगत खामियों को दूर करने और दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य बनाने वाले व्यवसायों का निर्माण करने में निहित है। श्री गोयल की टिप्पणियां संस्थापकों और निवेशकों के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने और अपने प्रयासों को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करने की चेतावनी का कार्य करती है। भारत के स्टार्टअप समुदाय को इस तरह के नेतृत्व का स्वागत करना चाहिए - जो यथास्थिति को चुनौती देने और सार्थक नवाचार के लिए प्रेरित करने से भयभीत नहीं होता। इस विजन को अपनाते हुए भारतीय उद्यमी अपनी प्रतिभा का लाभ उठाते हुए इस स्थिति से सफलतापूर्वक निपट सकते हैं।

**डीप-टेक क्यों महत्वपूर्ण है -** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), रोबोटिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे डीप-टेक उद्योग आर्थिक विकास और तकनीकी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक स्तर पर, ये क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा से लेकर विनिर्माण तक के उद्योगों के भविष्य को आकार दे रहे हैं। फिर भी, भारत में डीप-टेक में केवल लगभग 1,000 स्टार्टअप हैं। इस आंकड़े को श्री गोयल ने परेशान करने वाला करार दिया है।

**डीप-टेक में निवेश करने से अनेक लाभ मिलते हैं :** आर्थिक मूल्यः उच्च तकनीक वाले उद्योग कम कौशल वाले क्षेत्रों की तुलना में प्रति कर्मचारी अधिक राजस्व उत्पन्न करते हैं।

**वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकताः** एआइ और रोबोटिक्स में नवाचार भारत को अत्याधुनिक तकनीकों में अग्रणी बनाता है।

**स्थिरता :** अल्पकालिक उपक्रमों के विपरीत, डीप-टेक समाधान प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान करते हैं और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

**मजबूत इकोसिस्टम ही सफलता का मार्ग है :** अधिक प्रभावशाली स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए श्री गोयल के विजन को साकार करने के लिए अनेक तरह के कदम उठाने की आवश्यकता है।

**डीप-टेक फंडिंग को प्रोत्साहित करना :** यद्यपि लेट-स्टेज फंडिंग प्रमुख होती है (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 1.8 बिलियन डॉलर), लेकिन डीप-टेक में शुरूआती चरण के निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीआइआइ और फिक्की जैसे उद्योग निकाय नवाचार-प्रेरित स्टार्टअप्स के लिए समर्पित कोष बना कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**नीतिगत समर्थन :** एंजल टैक्स को खत्म करने जैसे हाल के सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के लिये और प्रोत्साहन विकास को गति दे सकते हैं।

**बौद्धिक संपदा (आइपी) को बढ़ावा देनाः** स्टार्टअप्स को वैश्विक मॉडल अपनाने के बजाय आइपी-संचालित समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बदलाव भारतीय नवाचारों का वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहना सुनिश्चित करेगा।

**टियर 2 और टियर 3 शहरों का लाभ उठाना :** भारत का उदय ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप डीप-टेक समाधानों के माध्यम से स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने का अवसर प्रस्तुत करता है।

**शिक्षा जगत के साथ सहयोग :** स्टार्टअप्स के साथ अनुसंधान साझेदारी को बढ़ावा देकर विश्वविद्यालय गहन तकनीकी नवाचार के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर सकते हैं।

**विकास और उद्देश्य में संतुलन कायम करना :** भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्णायक मोड़ पर है। हालांकि यह रिकॉर्ड-तोड़ निवेश और वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित करना जारी रखे हुए है, लेकिन इसकी दीर्घकालिक सफलता उद्यमशीलता के प्रयासों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने पर निर्भर करती है। श्री गोयल की टिप्पणियां संस्थापकों और निवेशकों दोनों के लिए समान रूप से अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की चेतावनी देने का काम करती है। आगे का रास्ता उपभोक्ता-केंद्रित उद्यमों को छोड़ने में नहीं, बल्कि उन क्षेत्रों में सार्थक बदलाव लाने वाली विविधताओं को लाने में है - भले ही वह एआइ-संचालित हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से हो या टिकाऊ इवी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से। ऐसा करके, भारतीय स्टार्टअप्स न केवल वैश्विक बाजारों पर पकड़ बना सकते हैं, बल्कि घरेलू आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अंत में पीयूष गोयल की आलोचना किसी तरह का आरोप लगाना नहीं, बल्कि एक प्रकार का आमंत्रण है - अल्पकालिक लाभ से आगे बढ़कर एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का आमंत्रण जो देश की अर्थव्यवस्था और समाज को वास्तव में बेहतर बनाता है। जैसे-जैसे भारत आशावाद और दृढ़ता के साथ 2025 में आगे बढ़ रहा है, यह आत्मविश्लेषण नवाचार-संचालित विकास की अगली लहर के लिए उत्प्रेरक हो सकता है।

**(लेखक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के सदस्य और भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने शहीद मंगल पांडेय को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद मंगल पांडेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मंगलवार को संघ के सदस्यों ने साकची स्थित वृद्धा आश्रम (आशीर्वाद भवन) में बुजुर्गों संग शहीद मंगल पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा भाव से श्रद्धांजलि दी।मौके पर वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के बीच फल वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।संघ के अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने कहा भारत देश उनके सपनों और संकल्पों से बना था,लेकिन आज चुनौतियों से घिरा हुआ है। ऐसे में हम सभी युवा को उनके विचारों को समाज में जीवित रखने व उनके अधूरे संकल्पों को पूरा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा फिलहाल ब्राह्मण युवा शक्ति संघ शहीद मंगल पांडेय के पदचिन्हों पर चलने का निरंतर प्रयास कर रही है।वही समाज के वरिष्ठ सदस्य सह समाजसेवी पंडित डीडी त्रिपाठी ने कहा संघ का यह प्रयास सराहनीय है।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में देशभक्ति, सेवा और सम्मान की भावना को जाग्रत करना तथा शहीद मंगल पांडेय के बलिदान को स्मरण करना। संघ भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता हरिकिशोर तिवारी, पंडित मुन्ना चौबे, पंडित डीडी त्रिपाठी, अंजनी पांडेय, रविशंकर तिवारी, संतोष जोशी, सीपी शुक्ला, सुनील शर्मा, अंकित आनंद, श्याम तिवारी, अरुण शुक्ला, अशोक कुमार राय, आलोक दुबे, सुशील पांडेय, श्याम झा, मनमन पांडेय, कुलदीप ओझा सहित अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने मार्च माह में सेवानिवृत्त हुए 22 कर्मचारियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित समारोह में महामंत्री आरके सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल और स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। वहीं सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव को साझा किया। महामंत्री सिंह ने कहा सेवानिवृत्त कर्मी अब भी यूनियन परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने शिक्षा, बेटियों की सहायता और डिप्लोमा के लिए यूनियन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर कर्मियों में उत्तम चंद्र कर, कन्हाई सोरेन, मीर नुरूल अहमद, सुशील कुमार तुबिद, अजीज खान सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

## चांडिल पुलिस ने लूटकांड को किया विफल

# स्कॉर्पियो सहित एक अपराधी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार नुलायत के निर्देश पर चांडिल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो लूटकांड की घटना को दो घंटे में विफल कर दिया। चांडिल थाना क्षेत्र के बारीगोड़ा से स्कॉर्पियो लूटकर भाग रहे अपराधियों को पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए 2 घंटे में तमाड़ थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी समीर अंसारी के पास से लूटे गये सफेद रंग का स्कॉर्पियो (डब्ल्यू 56 यू 8309), दो नंबर प्लेट और एक मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिनाह ने बताया आरोपी स्कॉर्पियो को पुरुलिया से जमशेदपुर के मानगो जाने के लिए भाड़े पर लिया था। रास्ते में एनएच33 पर बीरीगोड़ा के पास चालक के साथ मारपीट कर वाहन लूट लिया। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन और आरोपी को बरामद कर लिया। उन्होंने कहा पुलिस की तत्परता से एक बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते विफल किया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम जनता में विश्वास मजबूत हुआ। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिनाह के साथ चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन विरुवा,चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, इचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार सहित पंचम जॉर्ज बारला, अजीत मुंडा एवं सशस्त्र बल शामिल रहे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, कार्रवाई के दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिला मुख्यालय समाहरणालय कक्ष में जनता दरवार लगाया गया। मंगलवार को जनता दरबार में डीसी ने 50 से अधिक लोगो की समस्याएं सुनीं। मौके पर ही संबंधित विभागों को समयबद्ध व जिम्मेदारीपूर्वक समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरवार में मिली शिकायतों में जाति प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, विद्युत व जलापूर्ति, स्कूल और कॉलेज में नामांकन, आर्म्स लाइसेंस सहित विभिन्न जनहित के मुद्दे शामिल रहा। डीसी ने अधिकारियों को सभी मामलों की भौतिक जांच कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने और उसकी रिपोर्ट कार्यालय को सौपने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी अधिकारी को पारदर्शिता व उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की अपील की।

# उपायुक्त ने रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता पर दिया बल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने विभिन्न कार्यालयों में निरीक्षण के उपरांत दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक की। बैठक में आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, स्टॉक रजिस्टर के ससमय और सुव्यवस्थित संधारण को अनिवार्य बताया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कार्यों में पारदर्शिता रखें,आगंतुकों को सही जानकारी दें। नियमबद्ध एवं व्यवहार कुशल रहें ताकि प्रशासन की सकारात्मक छवि बनी रहे।

# बाबा मुक्तेश्वरधाम घाट पर होगा एचडीपीइ फ्लोटिंग डेक का निर्माण : संजीव सरदार

**पर्यटन मंत्री सुधीर कुमार सोनू को विधायक ने सौंपा मांग पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर/ पोटका।** झारखंड सरकार के पर्यटन,कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुधीर कुमार सोनू से पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकत की। मंगलवार को मंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक ने बाबा मुक्तेश्वरधाम (हरिणा) और रांकिनी मंदिर (जादूगोड़ा) में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु एक मांग पत्र सौंपा। मौके पर विधायक ने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की विकास के लिए मंत्री को मांग पत्र सौपा गया। मांग पत्र के माध्यम से बाबा मुक्तेश्वरधाम तालाब में फव्वारा की स्थापना, घाट पर एचडीपीई फ्लोटिंग डेक का निर्माण,तालाब और मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठान के लिए आग्रह किया गया। ताकि क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके। श्री सरदार ने कहा मुक्तेश्वरधाम झारखंड, बंगाल और उड़ीसा के लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। जहां सरहुल, दिशुवा मेला और सावन के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। वर्तमान समय में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त रोशनी व सुविधाओं की कमी है। विधायक ने कहा रांकिनी मंदिर परिसर पिकनिक और धार्मिक आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रकाश व्यवस्था की कमी महसूस होती है। विधायक ने कहा इन सभी मांग पूरी होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिलेगी।उधर जानकारी मिलने पर विधायक की पहल का स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। उन्होंने कहा पोटका में पर्यटन स्थल का विकास होने से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा। स्थानीय लोगो को रोजगार के साथ अर्थव्यवस्था में भी बल मिलेगा।

## मां शायर देवी धाम के पांचवा वार्षिक महोत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

# भगवान राम के आदर्शों पर चलने से ही सभी के जीवन में खुशहाली आयेगी : मिथिलेश ठाकुर

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के पांचवा वार्षिक महोत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। महोत्सव के दसवां दिन सोमवार की रात्रि में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने लिटिल स्टार आर्यन बाबू के साथ फीता काटकर किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु दर्शकों को विजया दशमी की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रभु की कृपा सभी पर बनी रहे। उन्होंने सभी का जीवन सुखमय होने की कामना की। कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को हम सभी रामनवमी के रूप में मनाते हैं। प्रभु श्रीराम अपने कर्मों और आदर्शों से जाने जाते हैं, उनके द्वारा बताये गये आदर्श को सभी को आत्मसात करना चाहिए। मंत्री श्री ठाकुर ने जोर देकर कहा कि मुट्ठी भर लोग अपने स्वार्थ में हमें बांटने का काम करते हैं वैसे लोगों से सावधान रहना होगा, तभी हमारे जीवन में खुशहाली आयेगी। अन्यथा भावना में बहकर आप लोग गलत कर बैठेंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने तो मुझे मजा चखा दिया, आप सभी मधुर भक्ति संगीत का मजा लेने आये हैं खूब मजा लीजिए। हम तो हार कर भी आनंदित हैं। इससे पहले सभी अतिथियों तथा देवी जागरण के लिए आये भोजपुरी सिनेमा के उभरते कलाकार आर्यन बाबू और खुशबू शर्मा को फूल माला तथा पूर्व मंत्री मिथिलेश को फूल माला, अंग वस्त्र तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री द्वारा देवी धाम संचालन समिति को 61 हजार रुपये सहयोग के रूप में दिया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, थाना प्रभारी विष्णु कांत, प्रेमचंद प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, महिला नेत्री रेखा चौबे, आराधना सिंह, रेखा पाठक, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभू राम, प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, अतहर अली, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल सहित देवी धाम संचालन समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य के साथ हजारों की संख्या में दर्शन मौजूद थे।

### लिटिल स्टार आर्यन बाबू और खुशबू शर्मा ने अपने भक्ति संगीत से दर्शकों को रात भर खूब झुमाया



**मेराल।** मां शायर देवी धाम मंदिर के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव के समापन के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में लिटिल स्टार आर्यन बाबू और भोजपुरी गायिका खुशबू शर्मा ने अपने भक्ति संगीत पर दर्शकों को रात भर खूब झुमाया। आर्यन बाबू ने अपने भक्ति संगीत का शुभारंभ मां शायर देवी की जयकारे के बाद रहे वीणा वाली मईया तोहरे कृपा से हम गावेली गनवा, मन बोले मोर शायर माई के भजन के बाद पूर्व मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर को मंच पर बुलाकर जिय हो झारखंड के लाल-जिय तू हजार साल और जईसन सोचले रहनी ओईसन चाचा मोर बाड़न भजन गाकर खूब झुमाया।

## तेज रफ्तार टेंपो पलटने से एक की मौत, सात घायल, ड्राइवर फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



घायल व्यक्तियों का इलाज चलता हुआ।

**श्रीबंशीधर नगर।** श्रीबंशीधर नगर भवनाथपुर रोड स्थित तुलसीदामर घाटी में टेंपू पलटने से एक युवक की मौत हो गयी, वहीं सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना मंगलवार शाम 5 बजे की है। टेंपो भवनाथपुर से श्री बंशीधर नगर आ रहा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां रमना थाना क्षेत्र के सिलिदाग ग्राम निवासी 35 वर्षीय राकेश चंद्रवंशी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलिदाग ग्राम निवासी विजय बैठा और उनकी पत्नी संगीता देवी, नीरज कुमार, केतार थाना क्षेत्र के ताली निवासी अजीत कुमार, केतार ग्राम निवासी भगवंती देवी, बक्शीपुर ग्राम निवासी बिशुनदेव राम और खरौंधी थाना क्षेत्र के कुपा ग्राम निवासी कैलाश भुइया के पुत्री गीता कुमारी का नाम शामिल है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि सभी लोग टेंपू से भवनाथपुर से श्रीबंशीधर नगर आ रहे थे। तुलसीदामर घाटी स्थित टर्निंग पर अनियंत्रित होकर टेंपू पलट दिया। घायलों ने बताया कि चालक वाहन को तेज गति से रहा था। जिस कारण दुर्घटना हुई। वहीं दुर्घटना के बाद टेंपू चालक मानवता के बजाय क्रूरता का परिचय दिया। घटना के बाद टेंपू में फंसे घायलों को निकाल कर टेंपू खड़ा कर भाग गया। वहीं घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के वीरबंधा डैम के पास रामनवमी के दिन रविवार को पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया। दोनों को पूछताछ के बाद थाना लाया गया और मामला दर्ज कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया। थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि तीन नाबालिगों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। मौके से एक देसी कट्टा और दो जिंदा 315 बोर के कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया, जबकि तीसरा फरार हो गया।

### कांडी में महावीर अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का शुभारंभ



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य सड़क पर, कांडी अस्पताल के सामने मंगलवार को महावीर अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में थाना प्रभारी अविनाश राज, प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह और विभूति नारायण दुबे उर्फ नंदलाल दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथियों ने केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि इस अल्ट्रासाउंड जांच सुविधा की शुरूआत से प्रखंड के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें गढ़वा, डाल्टनगंज, रांची या बनारस जैसे दूरस्थ स्थानों पर जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा। सेंटर के प्रोपराइटर डॉ. ब्रजेश कुमार पांडेय और संचालक गौरी शंकर पांडेय ने जानकारी दी कि यहां बहुत ही न्यूनतम दर पर सभी प्रकार की गुणवत्तापूर्ण अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर डॉ मनीष सिंह, महेंद्र पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि कौशल सिंह, रामाश्रय पाडेय, शशि पांडेय, अरविंद पांडेय, रमाकांत पांडेय, एसआई विद्या सागर प्रसाद, डॉ अनिल प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया चापाकल मरम्मति वाहन को रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अंतर्गत चापाकल मरम्मति वाहन को मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर ने हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। बताते चलें कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की समस्या से निजात पाने हेतु गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों एवं गांवों में लगे चापाकल/खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु चापाकल मरम्मति वाहन का संचालन कराया जा रहा है, जिसमें मिस्त्री एवं मजदूर द्वारा खराब पड़े चापाकलों को बनाया जायेगा। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बताया गया कि खराब पड़े चापाकल की मरम्मति हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसके टोल फ्री नंबर-18003456502 पर भी संपर्क करते हुए चापाकलों की मरम्मति हेतु सहायता प्राप्त की जा सकती है। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

### खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है : विधायक



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** शहर के अधौरा स्थित टीडीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव ने किया। विधायक ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि जीवन को अनुशासित बनाने का माध्यम है। खेल आज बेहतरीन कैरियर बनाने का साधन बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से प्रतिभा सामने आती है। मौके पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, तारकेश्वर पांडेय अमरनाथ पांडेय, उदय सिंह, छोटन देव सुधीर प्रसाद, गौरव पांडेय, अमन देव, विकाश पाल, बाबू लाल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 से



**केतार (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में तीसरा स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्री सूर्य सहस्त्रार्चन और प्रत्येक दिन संध्या सात बजे से दस बजे तक संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। यह यज्ञ यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में कराया जा रहा है। इस महोत्सव का सफल आयोजन को लेकर यज्ञ कमिटी का गठन किया गया। जिसमें यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह,सचिव मंजेश कुमार गुप्ता उप सचिव दिव्यांकर वर्मा कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार चौधरी, उपकोषाध्यक्ष सुधीर प्रसाद, सूचना मंत्री अभिषेक ठाकुर, व्यवस्थापक दिनेश गुप्ता को बनाया गया। वहीं अजय कुमार सिंह, सूरज कुमार वर्मा, दिनेश वर्मा, रविकांत चंद्रवंशी शिवभरोष सिंह, बिट्टू सिंह,दीपक वर्मा, नगीना वियार को निगरानी समिति के सदस्य बनाये गये।

### 187 सेविकाओं को मिला स्मार्ट फोन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही इस अवसर पर परियोजना से जुड़े 187 सेविकाओं को स्मार्टफोन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी बीडीओ सह सीडीपीओ सतीश भगत, महिला प्रवेशिका स्वस्तिका रानी, मीना देवी, रुपू महतो, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका स्वस्तिका रानी ने कहा कि अब विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से निगरानी की जायेगी, इसलिए सभी समय पर अपने कार्य को पूर्ण करने, लाभार्थी मॉडल को लोकप्रिय बनाने, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन रोल आउट करने एवं बच्चों के मोटापे को नियंत्रित करने हेतु स्वस्थ जीवन शैली के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। पोषण पखवाड़ा दिवस में विभा रानी, रेणु देवी, श्याम दुलारी देवी, नागवंती देवी, अनामिका देवी, शोभा देवी, आशा देवी, अनीता देवी, सरिता देवी,सुषमा देवी, कांति देवी, सुनीता देवी ,जैनुल बीवी, शकुंतला देवी, जरीना खातून गीता देवी, सुमन देवी अंबा रानी, बबीता पाठक, अंजू देवी, सुचिता देवी, शांति मेहता, प्रतिमा देवी सहित कई सेविकाएं उपस्थित थी।

## 'कॉफी विद एसडीएम' : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को किया आमंत्रित

**यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी करने वाले होंगे एसडीएम के मेहमान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे मेहनती अभ्यर्थियों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया है जो गढ़वा में रहते हुए सीमित संसाधनों के बीच यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। एसडीएम ने ऐसे प्रतियोगी छात्र-छात्राओं से अपील करते हुये कहा कि यद्यपि उनका समय बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें अपने अध्ययन के शेड्यूल में से एक घंटा निकालना बड़ा मुश्किल होता है फिर भी यदि संभव हो तो वे बुधवार को 11 से 12 के बीच 1 घंटे का समय निकालें। इस 1 घंटे के वातार्लाप में न केवल उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री के बारे में जानकारियां दी जायेंगीं, बल्कि उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना जायेगा। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा के छात्र-छात्राएं मेहनत करके अखिल भारतीय स्तर की कठिन परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं, ऐसे में थोड़ा सा मोटिवेशन भी उन्हें बड़ा बल प्रदान करेगा। इसीलिए प्रतियोगी अभ्यर्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए कॉफी पर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी इच्छुक हैं और 1 घंटे का समय निकाल सकते हैं वे कल इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह 11:00 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय जरूर आयें।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ: लवाही गांव में अद्भुत भक्तिमय वातावरण



**डंडई (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन लवाही गांव में अद्भुत भक्तिमय वातावरण छा गया है। गांव के हर कोने में आस्था और भक्ति की गूंज सुनाई दे रही है। लोग मंत्रों के उच्चारण और यज्ञ की आहुति देने के लिए श्रद्धालु एकत्रित हो रहे थे। यज्ञ स्थल पर देवी लक्ष्मी और भगवान नारायण की पूजा के साथ-साथ गांववासियों ने मिलकर सामूहिक भजन कीर्तन, रामकथा और धार्मिक प्रवचन में भाग ले रहे हैं। प्रखंड के आसपास के गांवों से लोग सुबह में पूजा अर्चना और यज्ञशाला फेरी के लिए स्थल पर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु भक्त देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले प्रवचन कर्ता को सुनने के लिए उपस्थित हो रहे हैं। गुरुवार को प्रवचन सुनने के लिए यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को भाग लेने का अवसर मिल रहा है।

### गर्मी में शुद्ध शीतल जल पिलाना पुण्य है कार्य : बीडीओ



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड के बहियार खुर्द मोड के समीप पनशाला का उद्घाटन बीडीओ, थाना प्रभारी आकाश कुमार स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार बैठा, उप मुखिया मदन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीडीओ विकाश पांडेय ने कहा कि राहगीरों को गर्मी में शुद्ध पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। वहीं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण रामगहन विश्वकर्मा सहित पानशाला कार्य को संपन्न कराने में सभी सहयोगी धन्यवाद के पात्र है। मौके पर झामुमो नागेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य विमली देवी,तारकेश्वर पासवान, मुन्ना पासवान, राम गहन विश्वकर्मा, भिरगुन पासवान, रविंद्र विश्वकर्मा, शिवलाल पासवान, दशरथ उरांव आदि मौजूद थे।

## अनुमंडलीय पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के लिए हुई शीतल पेयजल की व्यवस्था

**एसडीएम की अपील पर जीएमडी हीरो शोरूम ने सीएसआर के तहत उपलब्ध कराया वाटर कूलर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर थाना के समीप स्थित श्रीकृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल के लिये शहर के जेएमडी हीरो शोरूम के सौजन्य से आरओ वाटर कूलर का अधिष्ठापन मंगलवार को कराया गया। इसका उदघाटन अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार और जेएमडी हीरो शोरूम के सहायक निदेशक मणिभद्र सिंह और पुस्तकालय में अध्ययनरत एक छात्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्रायें व कर्मचारी उपस्थित थे।

दरअसल संजय कुमार यहां आए दिन विजिट करते रहते हैं बजट के क्रम में ही बच्चों से मिले फीडबैक के अनुसार यहां पर सामाजिक सहयोगसे सुविधा बहाल होती रहती हैं उसी क्रम में संजय कुमार की अपील पर आज डीएमडी हीरो शोरूम के निदेशक मार्तंड प्रताप सिंह और सहायक निदेशक मणिभद्र सिंह के द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत उक्त मशीन उपलब्ध करायी है। उदघाटन के पश्चात एसडीओ संजय कुमार ने शोरूम के संचालकों को साधुवाद दिया। उन्होंने शहर के अन्य संस्थानों से भी अपील की कि वे निःशुल्क चल रहे इस पुस्तकालय में यथासंभव अपना योगदान जरूर दें। एसडीओ ने कहा कि जेएमडी हीरो से प्रेरणा लेकर अन्य संस्थान भी जरूर आगे आयेंगे।

### रंका के पुरेगाड़ा में बनने से पहले ही गिरा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की छज्जा , गुणवत्ता में घोटाला उजागर



उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का टूटा लटका हुआ छज्जा की तस्वीर।

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के ग्राम-पुरेगाड़ा बाजार प्रांगण में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की छज्जा बनने के पहले ही अचानक गिर गया। जिससे ठेकेदार और देखरेख में काम कराने वाले मुंशी भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बसंत प्रसाद गुप्ता पर गुणवत्ता में घोटाला करने की मामला उजागर हो गया है। इसके संबंध में पूछने पर बसंत प्रसाद गुप्ता ने दलील देते हुए आजाद सिपाही को बताया कि राजमिस्त्री कम जानकार और देहाती था। उसने अपने मन से छज्जा ढाल दिया था जिसे इंजिनियर ने बीम देकर ढालने का आदेश दिया जिसके आलोक में छज्जा को गिराया गया है, छज्जा स्वयं नहीं गिरा है। जबकि गांव के लोगों का कहना है कि छज्जा को नहीं गिराया गया बल्कि छज्जा स्वयं अचानक गिरा है। यहां तक कि छज्जा गिरने के धक्के से नीचे और उपर का दिवार भी फट गया है और भाजपा नेता के द्वारा बचने के लिए बेतुका बयान दिया जा रहा है क्योंकि राजमिस्त्री मनमानी कार्य नहीं कर सकता।

## थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिए बनने वाले आवास की एसपी ने रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस कर्मियों के लिए थाना परिसर में बनने वाली आवास का आधारशिला रखते एसपी दीपक पांडेय।

**भवनाथपुर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय और पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने संयुक्त रूप से मंगलवार को भवनाथपुर थाना परिसर में बनने वाली पुलिस पदाधिकारी आवास की आधारशिला भूमिपूजन के उपरांत नारियल फोड़कर तथा ईंट की जोड़ाई कर रखी। मौके पर एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के तहत 3.50 करोड़ की लागत से आनंद कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण कराई जायेगी। थाना में थ्री बीएचके के 16 आवास का निर्माण होगा। कहा कि पहले थाना में आवासीय परिसर नहीं होने के कारण पुलिस कर्मी और पदाधिकारियों को अपने परिवार के साथ रहने में परेशानी होती थी, परंतु अब थाना परिसर में आवास उपलब्ध होने से पुलिस कर्मियों को कई तरह की सुविधायें मिलेंगी, जैसे कि ड्यूटी के दौरान आसानी से उपलब्ध रहने, परिवार के साथ समय बिताना और ड्यूटी के बाद आराम कर सकते है। कहा कि उक्त आवास का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा डेढ़ वर्ष के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। इस अवसर पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी, एसआई प्रदीप उरांव, परवेज आलम, निरंजन शर्मा, सअनि उपेंद्र राम, नारायण प्रसाद, आशुतोष श्रीवास्तव, सुशील चौबे, भाजपा नेता कामता प्रसाद, घनश्याम शुक्ला, दीपक जायसवाल, बीरेंद्र साह आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना (D.M.F.T. मद)**

ई–निविदा संख्या :– 01/2025-26/EE/RWD/LATEHAR
दिनांक : 07.04.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/LATEHAR/01/2025-26 | बरियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम लादु में कृष्णा सिंह के घर से संतोश साव एवं बैधनाथ सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 43.18600 | रू0 तैंतालीस लाख अठ्ठारह हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/02/2025-26 | बारियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम हिसरी में अवध सिंह के घर से मंदिर होते हुए उरॉव टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 60.32600 | रू0 साठ लाख बत्तीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR/03/2025-26 | बारियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम लादु में बारियातु हेरहंज मुख्य पथ से महावीर मन्दिर होते हुए बड़का आहर कसमार तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 86.32700 | रू0 छियासी लाख बत्तीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.04.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.04.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।
8. कार्य आवंटन में स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 349895 Rural Development (25-26)_D

# ड्यूटी से लौट रहे दो आइआरबी जवानों को बस ने मारी टक्कर, घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा मेन चौक पर अनियंत्रित बाबा बस ट्रक को टक्कर मारते हुए पुलिस जवानों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दो आइआरबी पुलिस जवानों को चोट लगी है। यह घटना बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ। दोनों पुलिस जवानों को हल्की चोटें आयी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सेन्हा में दशमी को रामनवमी मेला आयोजित हुआ था। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था के लिये काफी संख्या में जिला बल एवं आइआरबी पुलिस जवान को मेला ड्यूटी में लगाया गया था। कार्यक्रम का समापन के बाद सभी जवान ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। उसी दौरान घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही बाबा बस संख्या जेएच 01 वी 0984 तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रक को टक्कर मारते हुए पुलिस जवानों के बाइक को भी टक्कर मार दिया जिसे दो आइआरबी पुलिस जवानों को हल्की चोट लग गयी। घटना के बाद बस रास्ते में ब्रेक डाउन हो गयी, जिसे पुलिस कर्मियों ने ही धक्का मारकर सड़क से हटाया। वही बस की कई कागजात फेल है। फिलहाल मामले को लेकर सेन्हा थाना पुलिस पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देश पर बस को जब्त कर थाने लेकर गयी है और अग्रतर कारवाई आरंभ कर दिया गया है।

# लोगों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।

जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सेवा पुस्तिका नहीं मिलने से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।



उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## उपायुक्त ने बिजली की समस्या को लेकर की बैठक

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। इस दौरान उपायुक्त ने आरडीएसएस के तहत चल रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिले में चिन्हित वैसे टोला व बस्ती को विद्युत सुविधा उपलबध कराने की दिशा में तीव्रगति से कार्य करने का निर्देश दिया।

# राज्यपाल से मिला गुरुकुल शांति आश्रम का प्रतिनिधिमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा का एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात किया। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र पुष्प एवं आश्रम में निर्मित आयुर्वेदिक दवा भेंट किया। आश्रम के गतिविधियों की जानकारी दी। वही 26 मई 2025 को आर्य वीर दल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम को आने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल के सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए महामहिम ने आर्य समाज की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में गुरुकुल के आचार्य शरच्चंद्र आर्य,ओम प्रकाश सिंह, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, भूषण प्रसाद, गुप्तेश्वर गुप्ता शामिल थे।

# नाई समाज को आदिवासी का दर्जा देना सुनिश्चित करे सरकार : सुरेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के स्थानीय मुंद्रिका बैंक्विट हॉल में मंगलवार को जिला नाई समाज का चैत शुक्ल पक्ष एकादशी महोत्सव सह सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक एकजुटता, शिक्षा को बढ़ावा देने, राज्य सरकार की नीतियों में बदलाव करने समेत नाई समाज को आदिवासी का दर्जा देने की मांग करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा और लातेहार जिला के प्रतिनिधि मंडल समेत स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाई सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार नाई समाज के उत्थान और विकास के प्रति उदासीन हैं। कहा कि, बिहार राज्य के समय में नाई समाज को जो दर्जा मिला था उसे झारखंड सरकार ने छीन लिया। इससे नाई समाज के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया। झारखंड सरकार इमानदारी और जवाबदेही से नाई समाज को आदिवासी का दर्जा देना सुनिश्चित करें। जिससे पिछड़े और उपेक्षित नाई समाज के बच्चों का भविष्य सुधर सके। अतिथि प्रवीण कुमार प्रसाद ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षा को हथियार के रूप में उपयोग करने के लिए नई समाज के लोगों को आगे आने की अपील किया गया। कार्यक्रम को उत्तम ठाकुर, जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर, लातेहार के दशरथ ठाकुर, विनोद ठाकुर, आशीष ठाकुर समेत अन्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन रवि और देवेन्द्र के द्वारा किया गया। इस मौके राष्ट्रीय नाई सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर जिला नाई समाज के अध्यक्ष अजय ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष, अशोक कुमार ठाकुर, सचिव रंजीत ठाकुर, उप सचिव नीतेश ठाकुर सहित समाज के सैंकड़ों लोग सम्मेलन में शामिल हुए।

# अरु जंगल में लगी आग को वन कर्मी और ग्रामीणों मिलकर बुझाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** अरु जंगल में सोमवार देर शाम आग लगने से जंगल धू-धू कर जल रहा था। जिसे जंगली जीवजन्तु और पेड़ पौधे के लिए संकट काल मंडरा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग को मिलते ही जंगल पहुंच वन कर्मियों एवं वन समिति द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु जंगल में सोमवार रात्रि का है। विदित हो कि जंगल में विभिन्न प्रकार के जीवजन्तु का वसेरा है। उस जंगल में आग लगने से सभी जीवजंतु और पेड़ पौधे के लिए संकट मंडरा रहा है। परंतु जंगल में शरारती तत्वों द्वारा आग तो लगा दिया जाता है। लेकिन आग लगने पर उन सभी जीवजन्तु और पेड़ पौध को बचाने के लिये कोई सामने नहीं आता है। जिसे जंगल में आग लगने के कारण वन संपदा जीवजन्तु सहित कई छोटे और बड़े पेड़ जल कर बर्बाद हो जाता है। जिससे मनुष्य और जीवजंतु के जीवन में भी समस्या उतपन्न होती है। जंगल मे आग लगने की सूचना पर वन कर्मी और वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बिरसा उरांव ग्रामीण रामावतार कुजूर, मंगलदेव तिग्गा, डिब्बा अंसारी, विवेक उरांव, जयमंगल उरांव एवं अन्य लोगो के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तथा वैसे जंगल मे आग लगाने वाले असमाजिक प्रवृति के लोगो को चिन्हित किया जा रहा है। जिसपर वन अधिनियम के तहत विभागीय कार्रवाई किया जायेगा।



# बीडीओ ने अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विभागवार योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण, मनरेगा, अबूआ आवास सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सभी पंचायत कर्मी बिरसा मुंडा आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना, नाडेफ टैंक, पीएम आवास के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे स्वीकृत कराते हुए कार्य प्रारंभ करें, ताकि क्रियान्वयन योजना को तय समय पर पूरा कराया जा सकें। उन्होंने बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा संचालित सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, मातृत्व वंदना योजना, कल्याण विभाग से साइकिल वितरण, पशुपालन विभाग से बकरी वितरण, जेएसएलपीएस संस्था द्वारा महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए संचालित योजनाओं के साथ-साथ सभी विभाग के अधिकारियों से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने प्रखंड में स्वीकृत अबुआ आवास योजनाओं को एक सप्ताह में प्रारंभ करते हुए अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, बीपीओ अभिषेक किशोर, मनीष अग्रवाल, नवप्रभात कुजूर, महिपाल उरांव, राम उरांव सहित पंचायत कर्मी मौजूद थे।

# आजसू के कुडू प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता


**कुडू / लोहरदगा।** आजसू पार्टी के कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ने मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। यह इस्तीफा उन्होंने आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को दिया है। जुझारू, समर्पित कार्यकर्ता का इस्तीफा पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कलीम खान ने कहा कि बीते दो दशक से वे आजसू पार्टी में रहे। ज्यादातर समय प्रखंड अध्यक्ष के पद पर रहकर पार्टी के सांगठनिक कार्यों को बखूबी निभाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के लोकप्रिय पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के विचार से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ा था लेकिन उनके निधन के बाद पार्टी की कार्यशैली में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। जाति- धर्म से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम करने वाली पार्टी अपने मूल उद्देश्य से भटक कर जात-पात की राजनीति में संलिप्त हो गयी है। पहले तो 2024 विधानसभा चुनाव में लोहरदगा विधानसभा में मुस्लिम वर्ग को टारगेट करते हुए एक रणनीति के तहत एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को हराने का काम किया गया। अब वक्फ बिल का समर्थन कर अपना असली चेहरा बता दिया है कि यह भविष्य में किस ओर जाने वाली है। ऐसे में इस पार्टी के साथ बने रहना अब किसी भी तरह से उचित प्रतीत नहीं होता।



# चंदवा बस स्टैंड को निर्धारित राशि पर लेने के लिए युवक ने डीसी को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के कामता कुजरी निवासी जमील खान उर्फ बबलू खान पिता स्वर्गीय मोसिम खान ने लातेहार उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि चंदवा बस स्टैंड का ऑक्शन का समय जिला कार्यालय से निकाला गया है जो 1/4/2025 से 31/3/2026 तक किया गया है। जिसमें अभी तक ऑक्शन के लिए किसी भी व्यक्ति के द्वारा बोली नहीं लगायी गयी है। अगर डिपार्टमेंटल किया जायेगा तो मैं जमील खान 1.90 लाख प्रति माह देने के लिए तैयार हूं। बताते चले की कोरोना के बाद से ही आज तक चंदवा बस स्टैंड का डिपार्टमेंटल ही कार्य चल रहा है कोरोना से लेकर आज तक ऑक्शन के लिए जिला प्रशासन के द्वारा नहीं निकाला गया है। जो आज भी चल रहा है उसके साथ ही चंदवा बस स्टैंड में जिस व्यक्ति को जिला प्रशासन के द्वारा जिम्मेवारी दी गयी है वह किसी भी प्रकार की व्यवस्था को नहीं देखते हैं। सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी रहती है। बसे सड़क पर ही खड़ी होकर यात्री को उतरते हैं और चढ़ाते हैं, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है।


उपायुक्त महोदय
लातेहार।
चन्दवा बस पड़ाव कि ऑक्सन के संबंध में।

श्रीमान से नम्र निवेदन है कि मैं जीमल खन पिता –स्व0 मोसीम खान ग्राम –कुजरी, थाना–चन्दवा जिला–लातेहार का निवासी हुँ। बस पड़ाव चन्दवा का ऑक्सन दिनांक– 01/04/2025 से 31/03/2026 के लिए हुआ है जिसमे ऑकसन का बोली कोई नहीं लगा रहा है डिपाटमेन्टल होने पर मैं जमील खान 1,90,000/–एक लाख नब्बे हजार प्रति माहः के दर से लेने हेतू इच्छुक हुँ।

अतः श्रीमान से नम्र निवेदन है कि मुझे चन्दवा बस पड़ाव जिला परिसद 1,90,000/रूपया प्रतिमाह के दर से देने कि कृपा कि जाए जिसके लिए श्रीमान का आभरी रहुगाँ।

साथ ही टेंपो स्टैंड किसी भी जगह निश्चित नहीं किया गया है। टेंपो भी सड़क के किनारे ही खड़ा कर सवारी उतरते हैं और चढ़ाते हैं, जिससे हमेशा सड़क के किनारे जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार अखबारों में छपने के बाद भी प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन इसमें शुद्ध नहीं लिया है।

# पुलिस पर हमला करने और अवैध पत्थर उत्खनन मामले में एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के ढाब थाना अंतर्गत गोरियाडीह जंगल में पुलिस के उपर हमला करने एवं अवैध पत्थर का उत्खनन करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि गोरियाडीह जंगल में विगत 29 मार्च की रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरियाडीह जंगल में विक्की मेहता एवं प्रवीण मेहता के द्वारा कुछ ग्रामीणों के साथ गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खनन कर मालवाहक गाडियों में लोड कर तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं उत्खनन करने वाले की गिरफ्तारी हेतु ढाब थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरियाडीह जंगल में पहुंचकर अवैध उत्खनन स्थल पर कार्रवाई की गयी, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खनन किया जा रहा था। पुलिस टीम को देख कर वहां मौजूद तस्करों एवं ग्रामीणों ने हरवे हथियार, लाठी-डंडा, लोहे की रॉड, और पत्थरों से पुलिस पर हमला किया, जिससे कुछ पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आयी एवं सरकारी वाहन को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर वाहन को पास के गढे में धक्का देकर गिरा दिया। इस हमले के दौरान तस्करों ने मौके का फायदा उठाकर अवैध रूप से उत्खन्न किये गये ग्रीन पत्थरों को वाहन में लोड कर फरार हो गये। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या 02/25 दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की गयी। गुप्त सूचना मिली की इस कांड में संलिप्त अभियुक्त सुरेश साव कोडरमा से ढाब की ओर जा रहा। उक्त प्राप्त सूचना के आलोक में ढाब थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलप्ति अभियुक्त को ढाब थाना अंतर्गत बंगाखलार मोड, ग्राम कबराबुट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि यह ग्रामीणों को रोजगार के प्रलोभन देकर चोरी-छिपे उत्खन्न करता था और अपने साथियों के साथ मिलकर डीटीडीसी कूरियर एवं ट्रांसपोर्ट के माध्यम से राजस्थान राज्य के जयपुर शहर के व्यापारियों को भेजा जाता था। आरोपी के पास से पुलिस ने दो मोबाइल, सीमेंट की बोरी में अवैध ग्रीन पत्थर भरा हुआ बरामद किया गया। छापामारी दल में पुअनि रवि प्रकाश पंडित, प्रभारी ढाब थाना, सअनि किशोर कुमार घोष, ढाब थाना व सशस्त्र बल, ढाब थाना की भूमिका रही।

# लोहरदगा में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के पावर गंज स्थित देवी मंदिर के समीप नवयुवक संघ देवी मंदिर पावरगंज चौक के तत्वाधान में सोमवार देर रात लगभग 11:40 में चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी के अवसर पर भरत मिलाप सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो मंगलवार सुबह लगभग 5:30 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व भरत मिलाप शोभायात्रा निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पावरगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण पहुंचा। इसके पश्चात देवी मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा, श्री राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी की पूजा अर्चना की गयी। कार्यक्रम से पूर्व सेजल वर्मा एवं आकृतिक गुप्ता के द्वारा गणेश वंदना करते हुए अस्त्र शस्त्र चालान प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का भी शक्ति प्रदर्शन किया गया। लड़कियों के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के स्लोगन को गाते हुए पारंपरिक कला और संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया गया। छोटे बच्चों के द्वारा अस्त्र शस्त्र चलते हुए अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति का शानदार प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में 18 रामनवमी अखाड़ों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य पूर्व जिला परिषद सदस्य राम लखन प्रसाद साहू, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जय श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, प्रदीप साहू, योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेडा, केंद्रीय महावीर मंडल महासचिव कपिल देव मिश्रा, प्रत्युश साहू उर्फ ढेलू, निर्णायक मंडली में प्रमोद वर्मा, सत्येंद्र नाथ राय, शामिल थे। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में फर्स्ट सेकंड थर्ड आने वाले प्रतिभागियों को नगद एवं सील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं छोटे बच्चों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का शक्ति प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# अखिल भारतीय सैनिक स्कूल का प्राचार्य सम्मेलन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में मंगलवार से तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्राचार्य सम्मेलन शुरू हुआ। यह सम्मेलन पूरे भारतवर्ष में सैनिक स्कूलों की उत्पादकता एवम् नयी शिक्षा नीति के दृष्टिगत नवोन्मेष रचनात्मकता को केंद्रित करके किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राष्ट्र के अमर बलिदानी सपूतों अमर तिलैयन पर पुष्प-चक्र चढ़ाकर, श्रद्धा-सुमन अर्पित किय्या। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का सैन्य-छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि ने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के निहितार्थ, रक्षा राज्य मंत्री ने ट्रॉफी 23-24 एवं दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा 22-23, 23-24 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु शैक्षिक उत्कृष्ठता ट्रॉफी प्रदान किया एवं सैनिक स्कूलों की प्रगति की समीक्षा की। कहा कि सैनिक स्कूलों को अपनी स्थापना के मुख्य उद्देश्यों को स्मृति में रखते हुए अकादमिक प्रशिक्षण की गुणवता को परिष्कृत करने की आवश्यकता है। आज सैनिक विद्यालयों को प्रत्येक बालक-बालिका को केंद्रित करते हुए अत्यंत प्रयोगधर्मा, रोजगारपरक शिक्षण-प्रशिक्षण की आवश्यकता है, तभी संतुलित- बहुस्तरीय प्रतिभा का विकास संभव होगा। अपेक्षा यह भी की जाती है कि तात्कालिक प्रतिस्पर्धी परिवेश में अपने सैन्य-छात्रों को शैक्षिक-शिक्षणेतर तैयारियों के साथ-साथ व्यक्तित्व, चरित्र व विश्व कल्याण के विशद आलोक हेतु सृजित करें। रक्षा राज्य मंत्री ने विद्यालय के सुरम्य परिसर का अनौपचारिक भ्रमण किया तथा सैन्य-छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कैडेट-मेस में दोपहर का भोजन किया और खाकी गणवेशधारी बालक-बालिकाओं से मुलाकात की। इस बहुदिवसीय सम्मेलन के गर्भ में राष्ट्र-कल्याण एवम् सेवा के निमित्त कई योजनाएं पल रही हैं, संभवतः आगामी भविष्य में सैनिक स्कूल, भारत के हर कोने से मातृभूमि को समर्पित सैन्य मानसिकता वाले युवक-युवतियों को आकार दें।

# खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक सेक्टर के कार्यों को मिलेगी गतिः उपायुक्त

**डीएमएफटी न्यास परिषद और प्रबंधकीय समिति की बैठक में कई योजनाओं के क्रियान्वयन की स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट कोष (डीएमएफटी) न्यास परिषद एवं प्रबंधकीय समिति की बैठक आज उपायुक्त शशि रंजन की अध्याक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव और विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और विधायक के प्रतिनिधिगण एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक सेक्टर विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आदि आधारभूत सुविधाएं, निर्माण कार्यो में गुणवता पर विशेष ध्यान देने एवं समय पर योजनाएं पूरी हो, इसका ध्यान रखने में सामूहिक जिम्मेवारी की बातें कही। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से पेयजलापूर्ति, प्रखंडों में पुस्तकालय का निर्माण आदि कार्य किए जा रहे हैं। जिले के तीन प्रखंड यथा चैनपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद में पुस्तकालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पुस्तकालय के निर्माण कार्य में गति लाते हुए पूर्ण करने का निदेश दिया। पुस्तकालय के बगल में जमीन की उपलब्धता के अनुसार मॉडल छात्रावास का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति छात्रावास बनवाने की दिशा में कार्य करने, कल्याण विभाग द्वारा निमार्णाधीन छात्रावास की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**सिंचाई कार्यो में होगा बंद खदानों में संचित जल का उपयोग :** बंद पड़े खदानों में संचित जल का उपयोग सिंचाई कार्य हेतु करने के लिए योजना तैयार कराने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बंद पड़े खदानों में संचित जल से आसपास के क्षेत्रों में किसान के खेतों में सिंचाई हो पायेगा। सोलर पंप के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने की दिशा में कार्य किये जाने की योजना है। वहीं पर्यटन के दिष्टिकोण से इन क्षेत्रों को विकसित करने और संचित जल में स्थानीय लोगों के द्वारा मछली पालन करवाने की दिशा में कार्य कराने की योजना है। उपायुक्त ने इसके लिए बंद पड़े खदानों के समीप कृषि योग्य भूमि को चिन्हित करने एवं मछली पालन के लिए लाभुक समिति का गठन करने को लेकर संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए कार्य योजना को गति देने का निदेश दिया।

**गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति होगी दुरूस्त :** गर्मी के मद्देनजर माननीय विधायकगणों ने पेयजलापूर्ति के लिए चापाकल को दुरूस्त करने की बातें कही। उपायुक्त ने योग्य चापानलों की मरम्मति तथा सोलर जलापूर्ति सिस्टम को दुरूस्त कराने एवं टैंकर से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने डीएमएफटी मद से यथा संभव टैंकर खरीदने का भी निदेश दिया।

**हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस बनाने की स्वीकृति :** हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस बनाने, पार्क का जीर्णोद्धार करने और हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में सोन नदी से जुड़े मछुआ परिवारों को लाभुक समिति बनवाते हुए मोटर वोट उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया। बैठक में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय और अन्य बालिका विद्यालय/महाविद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को निःशुल्क नैपकिन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गयी। बैठक के शुरूआत में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बैठक की कार्यवली से अवगत कराया। उन्होंने कोष की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। साथ ही पिछले बैठक के अनुपालन एवं क्रियान्वित योजनाओं से अवगत कराया।

# मानव सेवा करना मन को सुकून देता हैः शीला

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रामनवमी में मिशन समृद्धि संस्था अपनी सेवा देना नहीं भूलता-प्रत्येक साल की भांति इस साल भी राम नवमी के अवसर पर मिशन समृद्धि संस्था शुद्ध पेयजल और प्राथमिक उपचार का स्टॉल लगायी। यह संस्था सालों भर सेवा करती है लेकिन आज के दिन वैसे भी दूर दराज गांवों से लोग आते हैं जिसमें बच्चों और बुजुर्गों की सख्या कम नहीं होती। सभी तरह के लोगों की सेवा करना मन को सूकून देता है। इसलिए रामनवमी में यह अवसर संस्था कभी नहीं छोड़ती। अरुणा शंकर, विजय ओझा, आशीष भारद्वाज, ट्विकल गुप्ता, पंकज जायसवाल, संजय, पल्लवी, सुनीता सिन्हा, मृत्यंजय शर्मा, अरुण शुक्ला, दिवाकर सिंह, अरविंद राणा, आरम्भ फाउंडेशन और अन्य सम्मानित नागरिकों का आना जाना लगा रहा। आप सबों का आभार। ह्दय से आभार अमित जी का जिनका परिसर का लाभ इस संस्था को हमेशा मिलता है। अमित जी स्वतंत्रता सेनानी नीलकंठ सहाय जी के पुत्र हैं। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि सदस्यों के सहयोग के बिना कार्य में सफलता मिलना मुश्किल है। धीरेंद्र पांडेय, डॉ देव प्रकाश गिरि, शैलेंद्र कुमार, बैजंती गुप्ता, अहिल्या गिरि, वीणा राज, ममता कुमारी, शीला गोस्वामी, बेबी पांडेय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



झांकी के कलाकारों को सम्मानित करते विहिप के अध्यक्ष।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति महावीर जी मंदिर के तत्वाधान में रामनवमी पूजा संपन्न होने के बाद रामनवमी पूजा महासमिति के संयोजक लोकनाथ केशरी के आवास के पास पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनवमी पूजा महासमिति के संरक्षक आरएसएस जिला संघचालक दिनेश कश्यप ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संपर्क प्रमुख आरएसएस उतर पूर्व क्षेत्र अनिल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस शारीरिक प्रशिक्षण प्रमुख झारखंड प्रांत कुणाल जी, दिनेश कश्यप, लोक नाथ केशरी मौजूद थे। रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर मुख्य अतिथि अनिल ठाकुर ने कहा कि लोगों को नव वर्ष की बधाई देते हुए मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम और नव वर्ष पर कई जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके आदर्शों पर चलकर ही अपने देश, समाज, और हिंदुत्व को बचा सकते है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का दिव्य आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। लोक नाथ केशरी ने कहा कि इस शोभा यात्रा में हुसैनाबाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 37 अखाड़ा मंडल समिति जुलूस में शामिल हुए थे। इस शोभा यात्रा में कई अखाड़ा मंडलों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गयी, जो जुलूस में काफी शोभा बढ़ाने का काम किया। सम्मान समारोह में शामिल सभी अखाड़ा समिति के लोगो को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर श्रवण अग्रवाल, संतोष कश्यप, राजकुमार कश्यप, सचिन आनंद, विक्कू कश्यप, राहुल केशरी, गौतम पटेल, मुन्ना देव, गौतम कांस्यकार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कर्पूरी चौक के समीप भाकपा माले का कार्यालय खुला



**भवनाथपुर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कर्पूरी चौक के समीप मंगलवार को भाकपा माले का प्रखंड कार्यालय खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन जिला सचिव कालीचरण मेहता ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यालय के खुल जाने से प्रखंड के दबे कुचले शोषित परिवार के लोगों की समस्याओं का समाधान कराने तथा उनका हक अधिकार दिलाने में सुविधा होगी। कहा कि साथ ही पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक मजबूती के साथ सदस्यों को जोड़ते हुए भाकपा माले कमिटी का विस्तार किया जायेगा। इस मौके पर जिला सदस्य सुषमा मेहता, संजय चंद्रवंशी, अख्तर अंसारी, कामेश्वर विश्वकर्मा, सुनीता देवी, सबिता देवी, इंद्रवती, अनार देवी, गिरधारी सिंह, बीगन सिंह, संजय चंद्रवंशी, बसंत सिंह, राजेश, बंशी साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री के आवासीय कार्यालय में भाजपा की संगठनात्मक बैठक हुई

# कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के जपला स्थित आवासीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद ग्रामीण, उद्धार और नगर मंडल की संगठनात्मक बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने की। जिसमें मंडलों से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर पंचायत समेत अन्य चुनावों की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आह्वान किया कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को सशक्त बनाने में सभी को एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है। कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना सभी की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को हर घर तक पहुंचाना है।भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उदाहरण देते हुए कार्यकताओं को कहा कि नरेंद्र मोदी जी जब संगठन में थे, तो उन्होंने वर्षों तक बिना किसी पद के देशभर का दौरा किया, जनता से जुड़े, उनकी समस्याएं सुनीं, समाधान सुझाए। उन्होंने नेतृत्व नहीं मांगा सेवा दी, और सेवा ने ही उन्हें नेतृत्व तक पहुंचाया। बिना पद की चिंता किए, बिना आगे बढ़ते जाना है। मंजिल जरूर मिलेगी।

बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों, जन समस्याओं और विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकताओं ने अपने सुझाव रखते हुए संगठन को और प्रभावशाली बनाने हेतु विभिन्न प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए।बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, जिला महामंत्री सोमेश सिंह, रंजीत पासवान , उदय विश्वकर्मा , संतोष सिंह ,अखिलेश मेहता ,योगेंद्र सिंह ,अजित सिंह, कृष्ण सिंह, प्रदीप पासवान ,अजय गुप्ता, ओमप्रकाश राजवंशी के अलावा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे । सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

# ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा /पलामू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म शताब्दी वर्ष सह अखंड ज्योति पत्रिका एवं अखंड द्वीप प्रज्वलन के शताब्दी वर्ष पर भारत भ्रमण में निकले ज्योति कलश यात्रा रथ का भव्य स्वागत सतबरवा प्रखंड के खामडीह में आरती एवं पूजन के द्वारा गायत्री परिवार के लोगों ने किया। तत्पश्चात सतबरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत में रथ भ्रमण के दौरान संजय जी का आवास सुशीला गुप्ता के आवास एवं काली मंदिर मेलाटांड़ में भी रथ की भव्य आरती की गई। वहीं रात्रि में महावीर चौक के प्रांगण में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें हरिद्वार से चलकर आए टोली नायक शिवकुमार महतो, संगीतज्ञ राजकुमार महतो,सहायक अशोक मेहता एवं पुजारी अशोक महतो ने लोगों को बताया कि परिवर्तन का समय आ गया है। लोगों को तप एवं त्याग से एक सबल भारत का निर्माण करना होगा। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक संजय कुमार, सत्यनारायण मेहता, सुभाष, संतोष प्रजापति, सतन जायसवाल, वीरेंद्र साहू, ओंकार ठाकुर, दिलीप पाठक, सुनील गांधी, बागेश्वर मेहता, श्याम बिहारी प्रसाद, संदीप प्रसाद, रामशिला देवी, सुशीला गुप्ता, अंजू देवी, संध्या देवी, श्वेता कुमारी, कंचन देवी,उषा कुमारी, सुषमा देवी, प्रीति गुप्ता, पूनम गुप्ता, नीलू देवी, संगीता देवी मुख्य रूप से शामिल हुईं।


## हरिहरगंज में डॉ अंबेडकर जयंती 14 को मनायी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज स्थित आवास पर बसपा के पूर्व विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के अध्यक्षता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती की तैयारी और प्रतिमा स्थापित को लेकर मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में चर्चा के बाद आगामी 14 अप्रैल को सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में समारोह आयोजित कर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले एनएच किनारे सतगांवा मोड़ पर डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसके बाद समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वक्ताओं द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी और उनके विचारों पर प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, सूरजमल राम,राजेश्वर राम, इंद्रदेव भारती, गोविंद राम, रवि कुमार, बालचंद राम, सुशील कुमार रवि, राहुल शर्मा, कृष्णा मेहता, किशोर कुमार, राज कुमार, पिंटू कुमार, संतलाल राम, शंकर पासवान, सनोज गुप्ता, जितेंद्र प्रजापति, अरविंद राम, गुड्डू भुइंया, धर्मेंद्र भुइंया, सरजू राम सहित कई बसपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्रामपुर में भईया भी ले रहे मंईयां सम्मान योजना का लाभ




भुगतान सूची।

**विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना चला रही है। लेकिन बिश्रामपुर प्रखंड में इस योजना का लाभ मंईयां के साथ भईया भी उठा रहे हैं। मामला सिगसिगी पंचायत के सुलूमदाग गांव का है। जहां के योगेंद्र प्रसाद यादव को भी मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। इनका खाता झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में है। जिसका खाता संख्या 34336077811 है। इनके इसी खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि हस्तांतरित किया जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है। कहां से चूक हुयी है और इसमें कौन दोषी है इसका जांच किया जा रहा है। लाभुक से राशि की भी वसूली जायेगी।

# वीर बाबा चौहरमाल कल्याण समिति की बैठक आगामी 13 को

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रेस कांफ्रेंस में शामिल वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के सदस्य।

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के भगत तेंदुआ काली मंदिर स्थित परिसर में अगामी 13 अप्रैल को वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक की जायेगी। उक्त जानकारी समिति के प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान, प्रमंडलीय सचिव सह सेमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष गुप्ता पासवान, प्रखंड महासचिव रंजीत पासवान ने प्रेसवार्ता कर दी है। बताया कि आगामी 13 अप्रैल को बैठक में समिति को प्रभावी बनाने व समाज के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाने, समाज के सभी लोगों को एक जुट करने आदि पर चर्चा की जायेगी। साथ ही पूर्व में प्रस्तावित वीर बाबा चौहरमल और दिवंगत पूर्व मंत्री रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा लगाने का प्रयास तेज किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पासवान समाज के लोगों को भारी संख्या में भाग लेने की अपील की गयी है। इस दौरान परीखा पासवान, राम विश्वास पासवान, विजय पासवान, रविंद्र पासवान, डॉ गणपत पासवान, अमरेंद्र पासवान, राघो पासवान, सीताराम पासवान, शंकर राम, निर्भय पासवान, लक्ष्मण पासवान, सुभाष पासवान, विनय पासवान, अशोक पासवान, अनील पासवान, जितेंद्र कुमार, राजीव पासवान, परीखा पासवान, राजेश पासवान, महेंद्र पासवान, रवि पासवान, जनेश्वर पासवान शामिल थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मनोरंजन का मुख्य साधन है मेला, दुगोला और सांस्कृतिक आयोजन : डॉ कौशल और पार्षद अमित

**पर्यावरण धर्म के तहत पर्यावरणविद और जिला पार्षद अमित कुमार ने पौधरोपण कर किया गायन मुकाबला का शुभारंभ**

**रामनवमी पर कंडा, इटको और नावा बाजार में निकले जुलूस में भी शामिल हुए डॉ कौशल और जिला पार्षद अमित**

**पांच दशक पूर्व से केरकी कुटिया पर रामनवमी पूजा पर लगते आ रहा है मेला**

आजाद सिपाही संवाददाता



पौधा लगाते पर्यावरण धर्म गुरु , जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर चराई पंचायत स्थित कुटिया पर इस वर्ष भी गायन मुकाबला का शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु और वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ केरकी कुटिया परिसर में हिमाचल का कपूर का पौधा लगाकर किया।

इससे पहले पर्यावरण धर्म के तहत कन्या पूजन के पश्चात पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पर्यावरणविद ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। श्रीरामनवमी पूजा पर लोगों को शुभकामना देते हुए डॉ कौशल ने कहा कि वर्ष 1990 में कुटिया प्रांगण में मेला और दुगोला का शुभारंभ किया गया था। आज उसी परंपरा के अनुरूप आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र से काफी संख्या में हर उम्र के लोग शामिल होकर मेला और दुगोला दोनों का भरपूर लुत्फ उठाते हैं। जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल ने अपने संबोधन में पहले श्रीरामनवमी पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेला व दुगोला का बहुत बड़ा महत्व होता है। उन्होंने कमेटी के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास के कारण ही मेला और दुगोला का सफल आयोजन होते आ रहा है। आज ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। ऐसे आयोजन से पुरानी सभ्यता व संस्कृति की रक्षा करने में मदद मिलती है। दुगोला गायन मुकाबला में लोक गायक मुन्ना सिंह और व्यास राहुल कुमार सिंह के जोड़ी ने रात भर एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर क्षेत्र के लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन कमेटी में शिवनाथ सुरीला, कपिल सिंह, पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, बिरजू सिंह, मनोज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, कृष्ण यादव, संजय यादव, मोती साव, दीपक गुप्ता, कमलेश यादव, उमेश राम,कप्पू सिंह, अक्षय ठाकुर, कुलदीप सिंह, सोहराई सिंह, नागेश्वर सिंह, लाल बिहारी यादव, उपेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## कामडारा में जाली नोट से खरीदारी के मामले में फरार एक अभियुक्त गिरफ्तार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा जाली नोट के मामले पर फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया गुमला जेल। उक्त आशय की जानकारी कामडारा के थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने मंगलवार को दी। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2024 के दिसंबर माह मे थाना क्षेत्र के अंतर्गत बकसपुर मोड़ के पास दो लोग चिंटू कुमार और राहुल कुमार को जाली नोट के साथ खरीदारी करते हुए पकड़ाया था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी गयी। जबकि इसी जाली नोट के धंधे संलिप्त एक आरोपी नीरज कुमार उम्र 42 वर्ष, पता यमुना नगर,थाना सुखदेवनगर, जिला रांची निवासी भाग निकला था। जिसे पुलिस ने सोमवार की रात में घर जाकर गिरफ्तार उसे किया।वहीं मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत मे गुमला जेल भेज दी गयी।

## 16 लाभुकों के बीच बकरा और बकरियों का वितरण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय मे मंगलवार को पशुधन योजना के तहत लाभूको के बीच पशुओं का वितरण किये जाने को लेकर एक शिविर का आयोजन किया। वहीं आयोजित इस शिविर मे वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन कामडारा बीडीओ जोसेफ कंडूलना और प्रखंड प्रमुख सुनील के द्वारा की गयी। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये कुल 16 लाभार्थियों के बीच प्रत्येक लाभूको को एक बकरा और चार बकरियां दी गयी। वहीं बीडीओ ने लाभुकों से कहा कि अच्छी तरह से पशुओं की देखभाल करें और अपनी आमदनी बढ़ाये, ताकि आप आर्थिक रुप से मजबूत बन सके। इस शिविर मे सभी पशुओं को वैक्सीन लगाने के बाद लाभुको के बीच पशुओं की उचित देखभाल के लिये नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस दौरान कामडारा के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मधू कुमारी, पारा भेट मोनू देमता, भुवनेश्वर साहु,राजु राम, जेम्स आईंद, समीर केरकेट्टा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रसोइया का चयन की प्रक्रिया पर सवाल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलबीरा में मंगलवार दिन के 2 बजे ग्रामीणों द्वारा गलत तरीके से रसोइया का चयन किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और झारखंड प्रदेश रसोइया संयोजिका गुमला जिला की अध्यक्ष देवकी देवी और सदस्य उपस्थित थे। जहां ग्रामीणों ने मनमाने ढंग से रसोइया का चयन किया। मौके पर देवकी देवी ने कहा जिस तरह 2018 से लेकर अभी तक जिस रसोईया का उम्र 60 साल हो गया है उनके परिवार के ही एक सदस्य को काम पर रखा जाये। यदि विद्यालय के शिक्षक ऐसा नहीं करते हैं तो शिक्षक को 2004 से रसोईया को न्यूनतम वेतन देना होगा। यदि ग्रामीण ऐसा करते हैं तो रसोईया को जब तक जीवित रहेगी तब तक खाना पीना बीमार पड़ने पर इलाज और उसकी मौत हो जाने पर उसके क्रिया कर्म का खर्च उठाना पड़ेगा। यदि विभाग द्वारा किसी अन्य को रसोइया की जिम्मेदारी दी जाती है तो विभाग को उसका पूरा खर्च उठाना पड़ेगा, क्योंकि प्रतिमाह 2000 के वेतन में रसोईया एक रुपया भी बचत नहीं कर पाते हैं। इसलिए 2018 से जिन भी रसोईया का 60 साल पूरा हो चुका है उनके परिवार के लोगों को ही काम पर रखा जाए। कुलबीरा गांव में गलत तरीके से रसोइया का चयन हुआ है उसे रद्द किया जाये। ऐसा नहीं किये जाने पर संगठन आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

## फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड का 'जमशेदपुर डिस्प्ले मेला' 12 अप्रैल को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड की एक बैठक मोदी पार्क में आयोजित की गयी। मंगलवार को बैठक में आगामी 12 अप्रैल (शनिवार) को होने वाले एक दिवसीय जमशेदपुर डिस्प्ले मेला का आयोजन सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर फोटोग्राफर सोसाइटी के अध्यक्ष सुमन शर्मा ने बताया मेला का आयोजन शनिवार को (सुबह 10 बजे से संध्या 6:00 बजे तक) बाराद्वारी स्थित एक होटल में किया जायेगा। मेला में देश की जानी-मानी एल्बम कंपनियां, लेंस कंपनियां और एक्रेलिक फ्रेम निर्माता अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। फोटोग्राफरों के लिए आयोजित नि:शुल्क कार्यशाला में पेशेवर फोटोग्राफर को शादी समारोहों में ब्राइड और ग्रूम की लो-लाइट फोटोग्राफी के बेहतरीन तकनीकों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड के द्वारा आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में फोटोग्राफरों को एक सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

# डुमरी के कोठी गांव के 87 लोगों का आधार कार्ड नहीं हुआ अपडेट

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में डीडीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की गयी। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।

डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत अंतर्गत कोठी गांव के ग्रामीण द्वारा आवेदन दिया गया कि उनके गांव में लगभग 87 लोगों का आधार कार्ड अपडेट करवाना है। इस कार्य हेतु गांव में एक शिविर का आयोजन किया जाये। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को उचित कार्रवाई हेतु निर्देश दिये हैं।

जैरागी पंचायत अंतर्गत गालू गांव में कच्ची सड़क है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु आवेदन दिया गया। इस समस्या को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।

ग्राम पंचायत पुगु के विजयनगर टोला में लगभग 18 परिवार निवास करते हैं। इस टोले में पेयजल की समस्या है। इस टोले में नल-जल योजना अंतर्गत चापानल लगवाने हेतु आवेदन दिया गया। इस संबंध में जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अतिक्रमण, रोजगार, मंईया सम्मान योजना की राशि, राशन नहीं मिलने की समस्या, सड़क, नाली, डीप बोरिंग, दिव्यांग हेतु बैटरी चालित साइकिल, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी, हाइ टेंशन बिजली का तार हटाने हेतु आवेदन आये। आज उप विकास आयुक्त ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## भोक्ता और महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के हापामुनि गांव में भोक्ता और महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा महामाया मंदिर परिसर से शुरू होकर केलाझरिया स्थित नदी तक पहुंची। जहां आचार्य श्रीकांत त्रिपाठी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रउच्चार के साथ कलश में जल भरी करायी गयी। वही कलश यात्रा पुनः महामाया मंदिर का परिक्रमा कर देवरिया बाबा के परिसर होते हुए महादेव चबूतरा तक पहुंचा। जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक सहित कई पूजा अर्चना की गयी। कलश यात्रा में भोक्ता, महिलाएं और बच्चिया शामिल हुई। एक बार बोल शिरोमणि महेश हर हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजमान हो उठा। मौके पर उपस्थित लोगों में प्रोफेसर अवध मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, मुकेश मनी पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, निलेश मनी पाठक, अजीत मनी पाठक, पुरुषोत्तम मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, भरत मिश्रा, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, प्रधान उरांव, अर्जुन साहू, रविंद्र महली, सुनील भगत, महादेव उरांव सहित कई भोक्ता महिलाएं और बच्चियां शामिल हुई।

## जरूरतमंदों को आवास योजना से जोड़ें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने संचालित सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने मनरेगा अंतर्गत मजदूर की संख्या में वृद्धि करने एवं बीपीओ को मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ प्रत्येक दिन समीक्षा करने का आदेश दिया। साथ ही आवास योजना अंतर्गत अबुआ आवास के लाभुको को जिनका राशि भुगतान हो गयी है वैसे लाभुकों से संपर्क करते हुए आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस 2.0 का सर्वे कार्य 30 अप्रैल तक निर्धारित की गयी है। जरूरतमंद लोगों को आवास योजना से जोड़ने का सभी पंचायत सचिव और सर्वेयर को निर्देश दिया। पीवीटीजी पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत प्रथम द्वितीय और तृतीय किस्त का जियो टैग करने के साथ-साथ त्वरित भुगतान करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही पीएम जनमन अंतर्गत तृतीय किस्त प्राप्त लाभुकों से पंचायत सचिव संपर्क करते हुए आवास कार्य को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, प्रदीप कच्छप, कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, कनीय अभियंता पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सहायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अलग-अलग पंचायतों में दो लोगों ने की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना छेत्र के दो अलग अलग पंचायतों में दो लोगो के द्वारा आत्महत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पहली घटना अंबवा पंचायत के सुरसुरिया गांव का है। जहां 50 वर्षीय महावीर गोप ने अपने घर के आंगन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुच कर शव को कब्जे में लेकर यूडी का मामला दर्ज करते हुए घटना की छानबीन में जुट गयी। पूरे मामले की जानकारी देते हुए मृतक का भतीजा प्रवेश गोप ने बताया कि उसके चाचा अक्सर शराब का सेवन करते थे। काफी मना करने के बाद भी वे किसी का नही सुनते थे। दूसरी घटना बड़ा पसंगा गांव की है। जहां जवरू उरांव ने सोमवार को देर रात घर में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जवरु के परिजनों के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं रह रहा था। सोमवार को वह अचानक आत्महत्या करने का कदम उठा लिया।

## 'नमन' परिवार ने मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** 'नमन' संस्था के द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत अमर शहीद मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी, पत्रकार, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा जब तक जान है, मंगल पांडे जैसे बलिदानी का जयघोष करता रहूंगा। मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता रविंद्र झा ने कहा अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने वाले नायक का नाम है मंगल पांडे। वही कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने मंगल पांडे के बलिदान से प्रेरणा लेने और युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। अंत में भारत माता की जय और मंगल पांडे अमर रहें के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। धन्यवाद ज्ञापन जूगुन पांडे ने की। मौके पर वरुण कुमार, कुसुम पूर्ति, बृजभूषण सिंह,नीरू सिंह, रश्मि साहू, लता सिन्हा सहित शहर के कई समाजसेवी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टाटा स्टील को आठवीं बार मिला स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन का खिताब



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को विश्व इस्पात संघ के द्वारा लगातार आठवीं बार 'स्टील सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन रूप में मान्यता दी गयी। टाटा स्टील को स्टील सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन 2025 का सम्मान ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित वर्ल्डस्टील की विशेष आम बैठक में प्रदान की गयी। टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा यह सम्मान हमारे सतत इस्पात निर्माण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक है।टाटा स्टील नवाचार, संसाधन दक्षता और हरित भविष्य के लिए कार्यरत हैं। यह मान्यता उन कंपनियों को दी जाती है जो वर्ल्डस्टील सस्टेनेबिलिटी चार्टर पर हस्ताक्षर करती हैं।साथ ही पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और शासन में उत्कृष्टता प्रदर्शित करती हैं। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन दुनिया की सबसे बड़ी इस्पात संगठनों में से एक है। जो वैश्विक इस्पात उत्पादन का लगभग 85% प्रतिनिधित्व करता है।

## डूमरटोली गांव में बजरंगबली मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के अंतर्गत नवागढ़ डूमरटोली ग्राम में बजरंगबली मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर कलश जल यात्रा के साथ दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार दिन के 2 बजे से प्रारंभ हो गया है। बजरंगी युवा समिति क्लब डूमर टोली के द्वारा यह अनुष्ठान कराया जा रहा है। नवागढ़ पंचायत सचिवालय के समीप सर्व प्रथम बैगा दीपक नगेसिया ने पारंपरिक रूप से पूजा किया। तत्पश्चात आचार्य नरसिंग होता ने वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कराया। उसके बाद महिलाओं का कलश जल यात्रा आरम्भ हुआ। जो एसएसहाइ स्कूल, बाजार टांड़, एनएच 43 भंडार टोली होते हुए डूमरटोली कार्यक्रम स्थल पहुंचा। इस दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी का गगनभेदी जयघोष किया जा रहा था। यहां पुनः पूजा के उपरांत चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद बड़ाईक, आनंद कुमार गुप्ता, विष्णु साहू, गणेश बड़ाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वेल्डिंग करते समय बाइक में लगी आग

**रायडीह / गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय रायडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया के बगल में स्थित एक वेल्डिंग दुकान में सोमवार के दोपहर में मिस्त्री द्वारा एक मोटरसाइकिल में वेल्डिंग के क्रम में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गयी और धुं-धु कर जलकर राख हो गया। यह राजदूत मोटरसाइकिल सिपरिंगा ग्राम निवासी लहरू मुंडा की थी। जो बहुत पुराना वाहन था। इस संबंध में थाना में कोई प्राथमिकी दर्ज नही हुआ है। नुकसान को लेकर वेल्डिंग दुकानदार और वाहन मालिक के बीच समझौता हो गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय** प्रपत्र संख्या-1
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

ई- निविदा

निविदा संख्या :- 03/JMT/2025-26 दिनांक 08-04-2025

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work for Construction of 6.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 50 mtr. length and 3.00 mtr. wide, 3.5 MLD capacity Water Treatment Plant, 3 No. ESR, Compound wall, Approach road, Railway crossing, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for **HARIODIH Rural Water Supply Scheme** under Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya on turnkey basis. for the year 2025-26 | 2086.96798 | 20.86 | 10,000/- | 18 Months + 3 months (trial and run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- | 19-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 24-04-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :- | 05-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सू चना प्रौद्योगिकी एवं ई- गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- | 07-05-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :- | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :- | 08002536460, **Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com** | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।
- स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। कार्यादेश स्वीकृति के उपरान्त ही निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

PR.NO. 349939 Drinking Water and Sanitation(25-26):D


# स्पोर्ट्स



रिंकू सिंह 15 बॉल पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 61 और वेंकटेश अय्यर ने 45 रन बनाये।

## लखनऊ ने कोलकाता को चार रन से हराया



एजेंसी

**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने आइपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स पर 4 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। यह कोलकाता की उसके घरेलू मैदान पर लगातार दूसरी जीत है। टीम को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7 विकेट से हराया था। मंगलवार को इडन गार्डन्स स्टेडियम में 239 रन का टारगेट चेज कर रही कोलकाता की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 234 रन ही बना सकी। रिंकू सिंह 15 बॉल पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 61 और वेंकटेश अय्यर ने 45 रन बनाए। दोनों ने 40 बॉल पर 71 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटते हुए कोलकाता की टीम बिखर गयी। आकाश दीप और शार्दूल ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाये। निकोलस पूरन 36 बॉल पर 87 रन बनाकर नाबाद बनाये। मिचेल मार्श ने 81 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। ऐडन मार्करम ने 47 रन बनाए। हर्षित राणा ने 2 विकेट झटके। एक विकेट आंद्रे रसेल को मिला।

## आरसीबी कप्तान पर 12 लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आइपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का पहला स्लोओवर रेट है। इसलिए नियम के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत कप्तान रजत पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## बीसीसीएल सीएमडी ने एनीटाइम फिटनेस सेंटर का किया उद्घाटन



**विशेषज्ञ प्रशिक्षकों, आधुनिक उपकरणों और एक प्रेरक वातावरण से सुसज्जित जिम से लाभान्वित होंगे धनबाद वाशीः अमरेश सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एनीटाइम फिटनेस सेंटर का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी समीरण दत्ता एवं रामावतार ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी भाजपा नेता अमरेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सीएमडी समीरण दत्ता ने एनीटाइम फिटेस्ट सेंटर को धनबाद में केंद्र खोलने के लिए बधाई दी और बताया कि एनीटाइम फिटनेस सेंटर सभी के स्वास्थ्य को फिट रहने में सही दिशा निर्देशित करेंगे। अमरेश सिंह ने बताया की एनीटाइम फिटनेस सेंटर के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों आधुनिक उपकरण और एक प्रेरक वातावरण युक्त स्थान वाले इस धनबाद में खुलने से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले लोग लाभान्वित होंगे। एनीटाइम फिटनेस सेंटर के 40 कंट्रीज और सात कॉन्टिनेंट में 5500 जिम संचालित है। इस समारोह में कंपनी के विक्रांत श्रीवास्तव, जनता मजदूर संघ के सिद्धार्थ गौतम आरआरई के निदेशक सुशील सिंह, राम अवतार ग्रुप के अरविंद सिंह आदित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बाघमारा सीओ पर जमीन की हेराफेरी करने का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा अंचल कार्यालय में मंगलवार को ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक सह आरटीआइ कार्यकर्ता जगत महतो ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर बाघमारा अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो पर जमीन कि हेरा फेरी करने का बड़ा आरोप लगाया है। राजगंज मौजा अंतर्गत खाता संख्या 614, प्लाट 1767, कुल रकवा 15 डिसमिल में से राजमनी देवी, पति गोपाल चंद्र रवानी ने 13 डिसमिल खरीदा है, जिसका दाखिल-खारिज वाद संख्या 1184/2008-09 है। परंतु वर्तमान सीओ बाल किशोर महतो इस जमीन को ऑनलाइन प्रविष्टि करने के दौरान इसे खाता संख्या 621 में 13.8 डिसमिल राजमनी देवी, पति गोपाल चंद्र रवानी को दर्ज किया है, इसका भी दाखिल-खारिज बाद संख्या 1184/2008-09 ही है, जो नियम संगत नहीं है। अतः सीओ ने राजमनी देवी को 13 डिसमिल जमीन को दो अलग अलग खाता 614 और 621 में कुल रकवा 26.8 डिसमिल चढ़ा कर उसकी जमीन को दुगुना कर अनुचित लाभ पहुंचाया है। सीओ बाल किशोर महतो पूर्ण रूप से भू-माफिया और बिचौलिया इशारे पर कार्य कर रहे हैं और उनलोगों के कहने पर ही बाघमारा अंचल के जमीनो का बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी कर रहे है। इसके बदले में लाखो रुपया का अवैध वसूली करने में लगे हैं। महतो ने एक और जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में चक्रधरपुर में तत्कालीन अंचल अधिकारी के पद पर रहने के दौरान भी जमीन की हेरा फेरी करने के कारण चाईबासा के उपायुक्त के अनुशंसा पर झारखंड सरकार ने बालकिशोर महतो को निलंबित कर दिया था। उन पर भूमि सुधार न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने का आरोप लगा था। इस मामले में उन्होंने धनबाद उपायुक्त और मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत कर उचित कार्रवाई और उसका वेतन रोकने की मांग भी कि है। वही बाघमारा सीओ बालकिशोर महतो ने कहा कि इतनी बड़ी गड़बड़ी और चूक कैसे हुई है इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन मामले की निष्पक्षता से जांच पड़ताल कराई जायेगी और जो भी इसमें दोषी पाये जायेंगे उन पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रेस वार्ता और धरना के दौरान उपस्थित रैयतों ने बाघमारा सीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झारखंड सरकार से सीओ बाल किशोर महतो की बर्खास्तगी की मांग की। मौके पर विकास महतो, शंकर महतो, विकास रजवार, प्रदीप रजवार, गांधारी देवी, मुसीब अख्तर खान, परमेश्वर महतो, बिन्देश्वर नापित, भुवन महतो सहित अन्य रैयत उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर भारत विकास परिषद कार्यक्रम आयोजित करेगा

## राममंदिर में होगा संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारत विकास परिषद, धनबाद मुख्य शाखा ने 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम मंदिर, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद में एक भव्य आयोजन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ के कार्यक्रमों के संदर्भ में गोल बिल्डिंग के समीप एक रेस्तरां में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष किशन गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए धनबाद के प्रमुख सभी अखाड़ों, सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं और चैंबर को निर्मंत्रित किया गया है और अभूतपूर्व हनुमान जन्मोत्सव मनाने का विचार है। संजय जैन ने बताया गया कि हनुमान जी के आशीष की आवश्यकता हम सब सनातनियों को है क्योंकि वह आज भी विद्यमान है। प्रेस कांफ्रेंस में प्रमुख रूप से किशन गोयल अध्यक्ष, सुदीप चक्रवर्ती सचिव, पवित्र तुलस्यान कोषाध्यक्ष, योगेंद्र तुलस्यान ट्रस्टी, संजय जैन ट्रस्टी, रमेश रिटोलिया वरिष्ठ सदस्य, पंकज सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ पूथी पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे।

## तंत्र को मजबूत कर मादक पदार्थ बेचने वालों की पुलिस को दें सूचनाः एडीएम

**जानकारी के बाद भी अफीम की खेती की सूचना नहीं देना है गुनाह ग्रामीणः एसपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकोर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर एडीएम ने सभी विभागों को सूचना तंत्र मजबूत कर, पान गुमटी के आसपास गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले की सूचना पुलिस को देने, कोटपा 2003 अभियान में पुलिस फोर्स को लेकर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि जिले में कहीं भी अफीम की खेती होने की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दे। जानकारी होने के बाद भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा सूचना नहीं देना गुनाह है। एनकोर्ड में इसमें छह महीने की सजा का प्रावधान है। बैठक में एडीएम ने नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों और युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नशीली वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सहायक आयुक्त उत्पाद राम लीला रवानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## पांच दिवसीय लीडरशिप मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारत सरकार की विकेंद्रित शासन व्यवस्था और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल पंचायती राज्य मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आइआइटी आइएसएम धनबाद में पांच दिवसीय लीडरशिप मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उड़िशा, असम, अंडमान, निकोबार, द्वीप समूह और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर जागरूकता और सक्षम नेतृत्व का विकास करना है।

## नगर आयुक्त ने हरि झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

**धनबाद (आजाद सिपाही)। प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर आयुक्त ने किया रवाना, नगर निगम से मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे कार्य के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना किया गया। प्रचार वाहन को नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि चार वाहन को विदा किया गया है। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के कई नए नियम और शर्तों मालूम होगी, साथ ही इसके लाभार्थियों को भी कई जानकारी मिलेगी। जिससे वह आसानी से इसका लाभ ले पायेंगे और बिचौलियों से बच पायेंगे।**

## भूलन बरारी में सीआइएसएफ ने की छापामारी, 25 टन कोयला जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** भूलन बरारी कोलियरी के टेन सीम पुल के समीप भाटडीह जंगल में मंगलवार को सीआइएसएफ के समादेष्टा भीए चौधरी के नेतृत्व में जवानों ने छापामारी कर लगभग 25 टन अवैध कोयला जब्त किया है। बताते है कि क्षेत्र के कोयला चोर कोलियरी क्षेत्रों से कोयले की चोरी कर बोरे में भरकर जंगल में छिपाकर तस्करी को जमा करके रखा था। जिसकी सूचना मिलने के बाद सीआइएसएफ जवानों के टीम ने छापामारी कर कोयले को जब्त कर कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया है। सीआइएसएफ द्वारा की गयी छापेमारी के बाद कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी में निरीक्षक विजय कुमार शर्मा एवं मोहित कुमार थे।

## पतित पावन हनुमान मंदिर केशलपुर कोलियरी का वार्षिकोत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** पतित पावन हनुमान मंदिर केशलपुर कोलियरी के वार्षिक महोत्सव और रामनवमी के अवसर पर आयोजित 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन मंगलवार को पुजन, हवन, महाआरती और महाभंडारा के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर प्रांगण में उमड़ी। इसके पूर्व पंडित वेदव्यास, रामकुमार पांडेय सहित अन्य ब्राह्मनों ने वेदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पुजन आरती और हवन करवाया. तदोउपरांत लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वहीं महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा राजवंशी और उनकी पत्नी है। मौके पर महेंद्र सिंह, झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, संतोष सिंह, झीझीपहाडी के पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो, मुखिया प्रतिनिधि सह समाजिक कार्यकर्ता गणेश महतो, जशू सिंह, पत्रकार राम पाण्डेय, रविंद्र यादव, दिगंबर सिंह, संजय सिंह, कृष्णा राजवंशी, विनोद महतो, जीरा सिंह, अनुज रजक, पंकज सिंह, अशोक सिंह, संजीत खत्री, आकाश सिंह, पटल महतो आदि मौजूद थे।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नयी दिल्ली की 'दस्तक योजना' के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में गरीब महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमारी, सचिव मीनाक्षी कुमारी, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह और संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नयी दिल्ली द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेश्य से 'दस्तक योजना' बनायी गयी है, जो काफी लोकप्रिय है।

## रेल मंडल ने चलाया मेगा टिकट चेकिंग अभियान, 1128 यात्रियों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न खंडों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, बरकाकाना, डाल्टनगंज स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गयी। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप कुल 1128 यात्रियों को पकड़ा गया। इस जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गये सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों से 05 लाख 98 हजार 570 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गयी और उन्हें कड़ी हिदायत दी गयी। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है और आगे यह जारी रहेगी । इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें और उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की सुनी शिकायतें

## महिला ने की शिकायत, पीडीएस डीलर ने राशन कार्ड में कर दिया गलत आधार सीडिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। जनता दरबार में झरिया की एक महिला ने बताया कि विगत कुछ वर्षों से कालीमेला स्थित पीडीएस डीलर द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। पूछने पर डीलर ने बताया कि उनका राशन कार्ड बंद कर दिया गया है। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि उनके राशन कार्ड में डीलर ने किसी अन्य व्यक्ति का आधार सीडिंग कर दिया है। जिससे महिला के राशन कार्ड पर हर महीने कोई गलत व्यक्ति द्वारा राशन उठाया जा रहा है। एडीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आए एक व्यक्ति ने एडीएम को बताया कि वह कोलकाता में नौकरी करता है। जयनगर मौजा में उनकी जमीन का अधीग्रहण किया गया है। जिसका मुआवजा वर्षों से लंबित है। एडीएम ने तुरंत अंचल अधिकारी गोविंदपुर को फोन किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि चार दिन पहले ही सारी प्रक्रिया पूरी कर कागजातों को भू-अर्जन कार्यालय भेज दिया है। जबकि भू-अर्जन कार्यालय ने बताया कि अब तक कागजात प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके बाद एडीएम ने पुनः अंचल अधिकारी को फोन किया, तब पता चला कि अंचल के प्रधान लिपिक ने फाइल को रोक रखा है। इस पर एडीएम ने प्रधान लिपिक को शोकोज करने और शीघ्र पीड़ित व्यक्ति को भुगतान कराने का निर्देश दिया। ऐसा ही एक दूसरा मामला कतरास से आया। कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि राजगंज से लोहापट्टी एनएच 32 निर्माण में उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। परंतु अब-तक मुआवजा नहीं मिला है। एडीएम ने बाघमारा के अंचल अधिकारी से फोन पर बात कर शीघ्र मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। वहीं गोविंदपुर के नगरकियारी स्थित भंडारडीह से आई महिला ने बताया कि अबुआ आवास लिस्ट में उनका नाम 11 वें नंबर पर है। एडीएम ने गोविंदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को अयोग्य घोषित करने का आधार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में मैथन पावर लिमिटेड में वर्षों से काम करने के बाद काम से हटा देने, 9 महीने से सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध नहीं कराने, महावीर नगर में नाली निर्माण कराने, बीसीसीएल द्वारा ब्लास्टिंग करने से मकान क्षतिग्रस्त होने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

चैंबर आफ कॉमर्स पुराना बाजार ने एमएस इंडिया रनर अप अंकिता बनर्जी को किया सम्मानित

## धनबाद की बेटियों में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं, आगे बढ़ने के लिए उन्हें करें प्रेरित : अंकिता बनर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान, विजय सैनी, नवनीत रिटोलिया, जय प्रकाश केजिवाल, संजय पांडेय, दिनेश प्रसाद, इमरान अली, सरदार नारायण सिंह, सलाउद्दीन महाजन, गोपाल प्रसाद रियासत हुसैन, सुरेंद्र साव समेत अन्य सदस्यों ने नयी दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली अंकिता बनर्जी को डुमरियाटांड़ स्थित आवास में पुष्पगुच्छ देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही अंकिता को इस राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्राउन जितने कि प्रेरणा देने वाले अंकिता के पिता प्रीतम बनर्जी और गीताली बनर्जी को माला पहनाकर सम्मानित किया। अंकिता ने चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान समेत सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को उन्हें और उनके माता पिता को सम्मान देने के लिए आभार प्रकट कर हार्दिक धन्यवाद दिया। अंकित ने इस मौके पर कहा पुराना बाजार में मेरा बचपन बीता है पूरा पुराना बाजार मेरे घर जैसा है और आज घर के शुभचिंतकों से मुझे और मेरे माता पिता को मिले इस सम्मान से बहुत स्पेशल फील कर रही हूं। इससे मेरा मनोबल बहुत बढ़ा है और भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में और कड़ी मेहनत कर बड़ी उपलब्धियां को प्राप्त करने का भरसक प्रयास एवं प्रयत्न करूंगी मेरे सफलता का पड़ाव अब शुरू हुआ है। अंकित ने कहा कि धनबाद की बेटियों में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं उनके स्किल्स को पहचानिए और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कीजिए। सभी के आशीर्वाद से मिस वर्ल्ड के ऑडिशन के लिए लेटर आया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा पुराना बाजार की अंकिता ने सफलता का यह मुकाम हासिल कर हम पुराना बाजार वासियों समेत धनबाद और पूरे झारखंड का देश में नाम रोशन किया है यह हम सब के लिए बहुत गर्व की बात है। अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी का पुराना बाजार में वर्षों पुराना प्रतिष्ठित शोभा स्टोर प्रतिष्ठान है। कहा कि दुकानदार होते हुए भी अंकिता को राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए प्रेरित करने के लिए हम चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के सदस्य हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते है।

# 1.7 लाख नये आवेदन प्राप्त, 22-23 अप्रैल से योग्य लाभुकों को मिलेगी राशि

## ओड़िशा की उपमुख्यमंत्र प्रभाती परिडा ने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना से जो योग्य लाभार्थी पहले बाहर रह गये थे, उन्हें 22 और 23 अप्रैल को वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जायेगी। ओड़िशा की उपमुख्यमंत्र प्रभाती परिडा संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हमें लगभग 1.7 लाख नये आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका डेटा दो अप्रैल को जिला मुख्यालयों को भेजा गया था। सर्वेक्षण के बाद, इन 1.7 लाख आवेदनकर्ताओं में से योग्य लाभार्थियों को 22 और 23 अप्रैल को वित्तीय सहायता राशि दी जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब से कोई नये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभाती परिडा ने महिला स्व-सहायता समूहों के प्रभाव शीलता और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पुनर्गठन पहल की घोषणा की। इसके तहत ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर फेडरेशन में नेतृत्व परिवर्तन किए जायेंगे। भुवनेश्वर कलिंग स्टेडियम में योग महोत्सव में भाग लेने के बाद उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही प्रत्येक परिवार को स्व-सहायता समूह में शामिल करने पर जोर दिया था, लेकिन पिछली सरकार के कार्यकाल में कई परिवारों को इसमें शामिल नहीं किया गया था।

# हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा, 10000 रुपये जुर्माना भी लगाया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। क्योंझर एडीजे कोर्ट की न्यायाधीश ममिता दास ने एक हत्या मामले की सुनवाई करते हुए वेस्टसिंहभूम जिला मंजहरी थाना अंतर्गत दुबिला गांव के आरोपी अमर सिंह बिरुआ (35) को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। इसके अलावा 10,000 रुपये का जुर्माना और बिना जुर्माना अदा किये छह महीने के सश्रम कारावास की सजा भी सुनायी गयी है। 25 मार्च 2015 को बांसपाल प्रखंड के सुंडुरा गांव के रामचंद्र नायक बिना किसी को बताए घर से कहां चले गये थे। परिवार द्वारा काफी खोजबीन के बाद उनके बेटों ने बसंतपुर रोड पर पड़े उनके क्षत-विक्षत शव को पहचाना। 31 मार्च 2015 को मृत रामचंद्र के बेटे मन नाएक ने क्योंझर के नयाकोट पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के बाद पुलिस ने केस नंबर 13/15 और आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे अदालत में भेज दिया।

TATA MOTORS Connecting Aspirations
RISING AUTO WHEELS PVT. LTD.
NEW TATA MOTORS CAR SHOWROOM
NOW AT BOOTY MORE
Starting Price 4.99 Lakh Only
LARGEST SHOWROOM OF JHARKHAND
Showroom: Booty More, Beside Budhia Agency | Piskamore, Itki Road, Ranchi
E.M.O.: K.D. Road, Khelari | Main Road, Khunti | Surya Mandir, Bundu
09297928073/09153996278 sales@risingautowheel.com

BU Adding value since 2009
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी थोक विक्रेता
CERTIFIED GEMS
कोकर तिरिल रोड, राँची
Contact Us : 7488705225, 7992284114

प्रो. साधु जी 9262249347 8825349255 9097426633
!! ओम साईं राम !!
टीक फर्नीचर घर
फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता
इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें।
नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, राँची (झारखण्ड)

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
पुराना सोना खरीद - बिक्री की जाती है
Contact Us : 9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7 R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

Mobile No.: 9608302205 PURE VET
7th Bites
Live Veg Cake
Kokar Tiril Road, Opp. Prasad Mart Ranchi - 834001 (Jharkhand)

FURNITURE GHAR PLUS
Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture.
CONTACT NOW : 8409679099
Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

DARSANI ASTROLOGY
Dr. V. Shankar P.G अब आपके शहर में कुंडली से जुड़ी समस्यायों का पूर्ण समाधान
ASTROLOGY
M.A, M. Phill & Astrology, PhD
परामर्श शुल्क - 2100
नम्बर लगवाने सप्ताह में (1 दिन Sunday को Available)
पता : हिरा पन्ना जेम्स मेन रोड पहले
सम्पर्क करें : 7004769566

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

GULFAM KASHMIR HANDICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, राँची (झारखंड)

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

POPKORN cinemas SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
SIKANDAR
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 07th April, 2025 onwards!
Sikandar : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Sikandar : 10.15, 1.00, 3.45, 6.30
at Popkorn Cinemas
Sikandar : 10.00, 11.30, 12.30, 2.00, 3.30, 5.00, 6.30, 8.00

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products
Particle Board Products
Bunawat Products / Swing
MDF Products
Epoxy Coating Product
Stainless Steel Products
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते हैं।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590 8789361453 8709790158
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

स्वामी आयुर्वेदिक सेन्टर
बाबा टावर, मेन रोड, गुरुद्वारा के सामने (नजदीक कश्मीर वस्त्रालय), राँची
मिलें हर रोज सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (रविवार बंद)

ADMISSION OPEN 90+ INSTITUTE
CLASS VI-XII
Open Registration for 2025-2026
ICSE | CBSE
ENROLL NOW
Separate Classes
Contact - 8210419469, 9798196834
Address: 1st Floor Bhowmick Complex Kokar Bazar Ranchi, Jharkhand Devi Mandap, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi, Jharkhand

Panasonic BRANDSHOP
Panasonic ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
VERMA PRESS PVT. LTD.

विवाह संतान, उच्च शिक्षा, नौकरी, व्यापार, विदेश यात्रा, प्रमोशन के समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें।
ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश नारायण
परामर्श शुल्क 501/-
36 वर्षों का अनुभव
मिलने का समय 3 से 5 बजे तक। सम्पर्क करें : 94313595523
L-78, Argora, Housing Colony, Ranchi 06 AM to 11AM
12 AM to 07 PM जयपुर रत्न मंदिर, बाबा टावर, मेन रोड, राँची

DARSANI GEMS & ASTROLOGY
मेन रोड, हिरा - पन्ना जेम्स
Certify Gems MRP के साथ रत्न लेने से पहले जरूर कॉल करें
हम दिल से रिश्ते बनाते हैं
सम्पर्क करें : 7004769566

Dr. Pooja Sahu (Oral and Dental Surgeon) Bds,mph
DR. AVAILABLE
Days - Monday Wednesday Friday And Sunday
9341731744
Sugnu Basti Near Shiv Mandir Aata Chakki Home

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त विवादों, न्यायिक कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21